साप्ताहिक समाचार पत्र

RNI NO - MPBIL/2021/82220

# यस न्यूज

भोपाल

वर्ष -5 अंक -14

पृष्ठ-8


मूल्य-5

प्रधान सम्पादक -उमाकांत मिश्रा

सच के साथ

24/03/2026 मंगलवार से 31/03/2026

ग्वालियर ,चंबल, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सागर ,उज्जैन शहडोल ,रीवा,नर्मदा पुरम संभाग



## // न्यूज़ ट्रेक //

### स्पीकर संधवा ने गांव चहल में सिंचाई के लिए पाइपलाइन का उद्घाटन किया



**कोटकपूरा/फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने आज गांव चहल में खेतों की सिंचाई के लिए नहर के पानी की पाइपलाइन का उद्घाटन किया। इस मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार किसानों, मजदूरों और व्यापारियों समेत राज्य के हर वर्ग की भलाई के लिए दिन-रात काम कर रही है। प्रोजेक्ट की खास बातें-लागत- इस खास प्रोजेक्ट पर 15.71 लाख रुपये खर्च हुए हैं। फायदे- इस पाइपलाइन से गांव चहल और आस-पास के गांवों की सैकड़ों एकड़ जमीन को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा। इलाके का विकास- स्पीकर संधवा ने कहा कि कोटकपूरा विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई की सुविधाओं के लिए अब तक 9 करोड़ रुपये की पाइपें बिछाई जा चुकी हैं। स्पीकर संधवा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की कोई लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाते समय आम लोगों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। इस मौके पर सॉइल कंजर्वेशन ऑफिसर अनमोल सिंह, एसडीओ राजविंदर कौर, मनप्रीत धालीवाल, मंदीप मोंगा, जसप्रीत सिंह चहल, सरपंच सुखदेव सिंह, जगसीर चहल, गुरमीत सिंह धुरकोट, राजपाल ढूडी, जगतार सिंह सरपंच खारा, गोल्डी बराड़, सुखमंदर सिंह और बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद थे।

# राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक है। वे ही इस क्षेत्र में सक्रिय और सफल हो सकते हैं, जिनमें जनसेवा और जनकल्याण की भावना हो। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वाले लोगों के कारण लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जनप्रतिनिधियों के लिए जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील होना, अध्ययनशील होना, तनाव प्रबंधन में दक्ष होना और जनहित के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करना आवश्यक है। कोई समस्या आने पर जनप्रतिनिधि का व्यवहार और समस्या निराकरण के लिए उनका प्रबंधन कौशल, उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है। सकारात्मक और समाज हित की गतिविधियों और विकास कार्यों के लिए हमें दलगत मतभेदों से ऊपर उठकर सोचना और कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा विधायकों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा के विधान परिषद हाल में हुआ कार्यक्रम वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार विशेष रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन में राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान के 45 वर्ष आयु तक के विधायक सम्मिलित हुए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मानना कि लोकतंत्र के विचार की उत्पत्ति पश्चिम से हुई थी, पूर्णतः सत्य नहीं है। लोकतंत्र, भारतीय राजनैतिक व्यवस्था का नैसर्गिक गुण है। भारतीय व्यवस्थाओं में सदैव से ही मत भिन्नता को सम्मान दिया गया है, राजनैतिक और धार्मिक व्यवस्थाओं में शास्त्रार्थ की परम्परा प्राचीन समय से रही है। भारत में विचारों की अभिव्यक्ति को सभी क्षेत्रों में सम्मान और महत्व प्रदान किया गया। भारत में ऐतिहासिक रूप से जुड़े लोकतंत्र के संस्कारों और मूल्यों का ही परिणाम है कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी देश में लोकतंत्र पर आधारित व्यवस्थाएं सुगमता से संचालित होती रहीं। जबकि अन्य पड़ोसी देशों का हाल सबके सामने है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा विधायकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें हर स्थिति में सम भाव से रहने की प्रेरणा मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम से लेना चाहिए। जब उन्हें राजपाट सौंपा जाना था, तब उन्हें वनवास दे दिया गया। परंतु उन्होंने दोनों स्थितियों को समभाव से लिया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य सहित कई भारतीय शासकों के इतिहास से ज्ञात होता है कि उन्होंने कभी अपनी अगली पीढ़ी को राज सत्ता सौंपने का उपक्रम नहीं किया। राज्य के प्रबंधन में लगे लोगों ने ही उनके बाद व्यवस्थाएं संभाली। ऐसे महान शासकों का मानना था कि यदि अगली पीढ़ी में नेतृत्व क्षमता और राज सत्ता के प्रबंधन की दक्षता होगी, तो वे स्वयं इस दिशा में सक्रिय होंगे। इन भारतीय मूल्यों और परम्पराओं का वर्तमान में भी पालन होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों और सत्ता से जुड़े लोगों का अपने परिवार को समय देना और उन्हें अच्छे संस्कार देना भी आवश्यक है। अच्छे संस्कारों के अभाव में अगली पीढ़ी द्वारा यश प्रभावित करने की संभावना बनी रहती है। जनप्रतिनिधियों को इस ओर से विशेष रूप से संवेदनशील और सतर्क रहना चाहिए।विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में युवा जनप्रतिनिधियों की अहम जिम्मेदारीमध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र किसी एक व्यक्ति, समुदाय या क्षेत्र की व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की स्वतंत्रता, न्याय, समानता और बंधुता पर आधारित एक व्यापक व्यवस्था है। भारत का लोकतंत्र नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही मजबूत होता है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 25 नवंबर 1949 के संविधान सभा के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे लागू करने वाले लोग कितने प्रतिबद्ध और नैतिक हैं।श्री तोमर ने कहा कि युवा विधायक लोकतंत्र में नागरिकों और शासन के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। उनकी नई ऊर्जा, आधुनिक सोच और नवाचार की क्षमता शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि युवा जनप्रतिनिधि सामाजिक कुरीतियों जैसे जातिवाद, नशाखोरी और लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध समाज को जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उस सोच का उल्लेख किया जिसमें राजनीति में नई ऊर्जा और पारदर्शिता लाने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं को राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम 2021 के माध्यम से मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाया गया है।श्री तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा ने भी लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं।




## पुरानी सड़क के बीचोंबीच खोदी गई नींव, फुनगा में अतिक्रमण पर नहीं लग रहा लगाम




**अनूपपुर। यस न्यूज ब्यूरो दिगम्बर शर्मा ।** उप तहसील फुनगा क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है और प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला पुराने सड़क मार्ग के बीचोंबीच नींव खोदे जाने का सामने आया है, जिससे आवागमन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, सड़क के बीचों-बीच खोदे गए नींव के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित व्यक्ति इसे अपनी निजी भूमि बता रहा है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या निजी स्वामित्व के नाम पर वर्षों से उपयोग में आ रहे आम रास्ते को बाधित किया जा सकता है? ग्रामीणों के अनुसार, यह मार्ग लंबे समय से फुनगा टोला तथा विद्यालय आने-जाने के लिए उपयोग में है, जहां से रोजाना स्कूली छात्र भी गुजरते हैं। ऐसे में रास्ता अवरुद्ध होने से आमजन और विद्यार्थियों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों के अनुसार, शासकीय आवासीय बालक छात्रावास के पास पहले भी हायर सेकंडरी विद्यालय के चौकीदार द्वारा अतिक्रमण किया गया था, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके अलावा पुलिस चौकी के समीप भी अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा है, जिस पर भी प्रशासन मौन बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र के पटवारी की मिलीभगत से शासकीय भूमि पर लगातार अतिक्रमण कराया जा रहा है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में शासकीय भवनों और अन्य सार्वजनिक कार्यों के लिए भूमि उपलब्ध नहीं बचेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने और जिम्मेदारों पर सख्त कदम उठाने की मांग की है।



**इनका कहना**

इस संबंध में जब हमने हल्का पटवारी दीनदयाल से संपर्क करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया ।

## पंजाब के नर्सिंग छात्रों की विदेश में डायरेक्ट एंट्री –बाबा फरीद यूनिवर्सिटी का ऐतिहासिक कदम




**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** पंजाब के नर्सिंग और हेल्थकेयर सेक्टर में एक नए स्वर्णिम युग की शुरुआत हुई है। बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (ब्न्न॥स) के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) राजीव सूद की दूरदर्शी पहल ने राज्य के छात्रों के लिए %ग्लोबल हेल्थकेयर कॉरिडोर% का रास्ता खोल दिया है। इस नई योजना के तहत पंजाब के युवा अब बिचौलियों के चंगुल से बचकर सीधे यूरोप के अस्पतालों में अपनी सेवाएँ दे सकेंगे।

**क्या है हब एंड स्पोक मॉडल**

यूनिवर्सिटी इस पूरे प्रोजेक्ट के मुख्य हब (केंद्र) के रूप में कार्य करेगी, जबकि राज्य के अन्य नर्सिंग कॉलेज स्पोक के तौर पर इससे जुड़ेंगे। इसके माध्यम से छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मानकों की ट्रेनिंग दी जाएगी। और जर्मनी जैसे देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और कानूनी बनाया जाएगा। जर्मनीः अब न IELTS का डर, न उम्र की बंदिश, इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता जर्मनी जाने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए है। IELTS की जरूरत नहींः अब जर्मनी जाने के लिए कठिन अंग्रेजी परीक्षा (IELTS) अनिवार्य नहीं होगी। उम्र सीमा में छूटः 45 साल तक के प्रोफेशनल्स भी इस प्रोग्राम का हिस्सा बनकर ग्लोबल करियर बना सकते हैं। जर्मन भाषा ट्रेनिंगः छात्रों को विशेष रूप से जर्मन भाषा सिखाई जाएगी ताकि वे वहां के माहौल में आसानी से ढल सकें। एजेंटों से मुक्तिः डॉ. सूद के अनुसार, इसका मुख्य उद्देश्य अवैध एजेंटों द्वारा किए जाने वाले शोषण को खत्म करना है। ÷हमारा लक्ष्य पंजाब के युवाओं को एक सुरक्षित और कानूनी मार्ग प्रदान करना है ताकि वे बिना किसी डर के वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें–-डॉ. राजीव सूद, कुलपति, BFUHS विशेषज्ञों की राय और आर्थिक सहयोग । यूनिवर्सिटी में आयोजित विशेष सत्र में ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर मिस अल्बा स्मेरिग्लियो ने बताया कि 2030 तक यूरोप में लगभग 40 लाख हेल्थकेयर वर्कर्स की जरूरत होगी। वहीं, पंजाब एंड सिंध बैंक के स्न्नरूकरमजीत सिंह ने छात्रों के लिए विशेष %स्किल लोन% की घोषणा की, ताकि आर्थिक तंगी किसी के सपनों में बाधा न बने। इस अवसर पर %ऑक्सिला एकेडमी% के विशेषज्ञों ने जर्मन वर्क-कल्चर की बारीकियां समझाईं। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर ने सभी का धन्यवाद करते हुए इसे पंजाब के भविष्य के लिए एक मील का पत्थर बताया।

## युवाओं को एंटरप्रेन्योर बनाने के लिए RAMP स्कीम के तहत कल लगेगा स्पेशल कैंप

**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)-** पंजाब सरकार ने राज्य के युवाओं में एंटरप्रेन्योरियल स्किल्स को बेहतर बनाने और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए एक अहम पहल की है। MSMEs के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए RAMP स्कीम के तहत 27 मार्च को फरीदकोट में एक स्पेशल कैंप लगाया जा रहा है। इस बारे में जानकारी शेयर करते हुए, हलके के एमएलए स. गुरदीत सिंह सेखों ने युवाओं से इस मौके का पूरा फ़ायदा उठाने की अपील की है। कैंप की डिटेल्स और समय एमएलए सेखों ने बताया कि यह कैंप 27 मार्च को दोपहर 2 बजे डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स में शुरू होगा। इस प्रोग्राम का मुख्य मकसद नए और मौजूदा एंटरप्रेन्योर्स को सरकारी सुविधाओं के बारे में अवेयर करना है। एक्सपर्ट्स लोन और सब्सिडी के बारे में जानकारी देंगे ( कैंप की मुख्य बातें बताते हुए उन्होंने कहा -इसमें महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (MGSIPA), चंडीगढ़ के एक्सपर्ट्स हिस्सा लेंगे। पंजाब सरकार की तरफ से दिए जा रहे हर छोटे-बड़े लोन और सब्सिडी के बारे में डिटेल में जानकारी दी जाएगी। युवाओं को नए बिज़नेस शुरू करने के लिए टेक्निकल और फाइनेंशियल मदद के बारे में गाइड किया जाएगा। ÷पंजाब सरकार युवाओं को सिर्फ़ नौकरी ढूंढने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला (एंटरप्रेन्योर) बनाने के लिए कमिटेड है। मैं युवाओं से अपील करता हूं कि वे इस कैंप में पहुंचें और सरकारी स्कीमों के बारे में जानकारी लें और अपने पैरों पर खड़े हों÷ - स. गुरदित सिंह सेखों, एमएलए फरीदकोट। एमएलए सेखों ने दोहराया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की लीडरशिप में सरकार लगातार नए रोज़गार के मौके बना रही है ताकि राज्य का इंडस्ट्रियल स्ट्रक्चर मज़बूत हो सके।



## शहीदों के सपनों को भूल गईं सरकारें, –कॉरपोरेट के आगे नतमस्तक हुए शासक AITUC फरीदकोट में क्रांतिकारी जोश के साथ मनाया गया शहीदी दिवस



**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)** स्थानीय शहीद कामरेड अमोलक सिंह औलख भवन में आज ्रढ्ढञ्जष्ट से जुड़े विभिन्न संगठनों द्वारा शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहीदी दिवस बेहद श्रद्धा और क्रांतिकारी उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विभिन्न वर्गों के नेताओं ने शहीदों की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूरा परिसर %इंकलाब जिंदाबाद% और %साम्राज्यवाद मुर्दाबाद% के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। आजादी के दशकों बाद भी सपने अधूरे सभा को संबोधित करते हुए पंजाब पेंशनर्स यूनियन के नेता प्रेम चावला, सोम नाथ अरोड़ा और पावरकॉम पेंशनर्स यूनियन के चांद सिंह डोड ने कहा कि भगत सिंह और उनके साथियों ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जहाँ शोषण की कोई जगह न हो। उन्होंने गहरा दुख जताते हुए कहा कि आजादी के दशकों बाद भी देश के शासक शहीदों के सपनों का भारत बनाने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। आज की सरकारें आम जनता के हितों की रक्षा करने के बजाय साम्राज्यवाद और बड़े कॉर्पोरेट घरानों के हितों को साधने में लगी हैं। केंद्र और राज्य सरकार पर तीखे प्रहारः वक्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार और पंजाब की भगवंत मान सरकार की नीतियों को जनविरोधी करार देते हुए जमकर निशाना साधा, नेताओं ने गंभीर आरोप लगाए कि सांप्रदायिक राजनीतिः केंद्र सरकार धर्म के नाम पर लोगों को बांटकर अपनी सत्ता सुरक्षित कर रही है। बुनियादी सुविधाओं का अभावः शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवाओं में आम जनता के साथ भेदभाव बढ़ता जा रहा है। कॉर्पोरेट प्रेमः सरकार की नीतियां केवल बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुँचा रही हैं, जिससे आम आदमी की कमर टूट गई है। नेताओं ने युवाओं का आह्वान किया कि वे शहीदों के पदचिन्हों पर चलते हुए इन दमनकारी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष का रास्ता अपनाएं। इन प्रमुख नेताओं ने दी उपस्थितिः इस अवसर पर गोरा पिपली (नरेगा मज़दूर यूनियन), इकबाल सिंह धुड़ी, बलकार सिंह सहोता (क्लास फोर कर्मचारी), चरणजीत सिंह चमेली, सुखजिंदर सिंह तुम्बडभान (कुल हिंद किसान सभा), कामरेड जगतार सिंह भाना, बोहड सिंह औलख और रेशम सिंह जटाना सहित बड़ी संख्या में पेंशनर, किसान और मजदूर नेता मौजूद रहे।

## फरीदकोट– अमित शर्मा की शानदार जीत, लगातार दूसरी बार चुने गए डिस्ट्रिक्ट



**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब (प्रिंट मीडिया) फरीदकोट की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को गिल स्वीट हाउस के मीटिंग हॉल में संपन्न हुई। क्लब के चेयरमैन जसवंत सिंह पुरबा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक के दौरान चुनावी प्रक्रिया को पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराया गया। इसमें अमित शर्मा ने अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले भारी बहुमत हासिल कर जीत दर्ज की। अमित शर्मा को आगामी दो वर्षों के लिए पुनः डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट चुना गया है। वोटिंग के जरिए हुआ फैसला अध्यक्ष पद के लिए क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में बाकायदा वोटिंग कराई गई। चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए चेयरमैन जसवंत सिंह पुरबा ने बताया कि अमित शर्मा को पत्रकार समुदाय का भरपूर समर्थन मिला है। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी पत्रकारों की समस्याओं और उनके हितों के लिए समर्पित भाव से काम करते रहेंगे। यह पत्रकार एकता की जीतः अमित शर्मा अपनी जीत के बाद उपस्थित पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए अमित शर्मा ने कहा कि मुझ पर दोबारा भरोसा जताने के लिए मैं सभी साथियों का आभारी हूं। यह मेरी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि पूरे पत्रकार समुदाय की एकता की जीत है। क्लब की मजबूती और बेहतरी के लिए मैं पूरी ईमानदारी से काम करूंगा। अमित शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि जल्द ही क्लब की नई कार्यकारिणी (कमेटी) का विस्तार किया जाएगा, ताकि पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का मिलकर सामना किया जा सके और संगठन को और अधिक सक्रिय बनाया जा सके। बैठक में उपस्थित गणमान्य पत्रकार इस चुनावी प्रक्रिया के दौरान जिले के वरिष्ठ और गणमान्य पत्रकार उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे । हरप्रीत चाना, परविंदर अरोड़ा, हरमिंदर मिंधा, प्रदीप चावला, जगदीश सहगल, नरिंदर बैहड, भोला शर्मा, तरसेम चानना, सतीश बागी, मनप्रीत सिंह, अलेक्जेंडर डिसूजा, जतिंदर कुमार, प्रदीप गर्ग, बरजिंदर बराड़, विकास गर्ग, डॉ. रणजीत सिंह और गुरप्रीत पक्का सहित ज़िले के प्रमुख पत्रकार हाजिर थे।

## कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा हुई दो नाबालिग बालिकाओ को मैहर से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा



**अनूपपुर ।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान जी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगननाथ मरकाम जी एवं एस.डी.ओ.पी. श्री नवीन तिवारी जी के मार्गदर्शन में कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा हुई दो नाबालिग बालिकाओ को तत्परता पूर्वक मैहर ( जिला मैहर ) से में दस्तयाब कर परिवारजन को सकुशल सुपुर्द करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 19.03.2026 को थाना कोतवाली अनूपपुर क्षेत्रान्तर्गत निवासी करीब 14 एवं 15 वर्षीय 02 नाबालिग बालिकाओं के अचानक घर से बिना बताये चले जाने एवं रिश्तेदारी एवं परिचितों में पता करने पर ना मिलने की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध क्रमांक 179/26 धारा 137(2) बी.एन.एस. एवं अपराध क्रमांक 180/26 धारा 137(2) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर पुलिस टीम द्वारा दोनों गुमशुदा नाबालिक बालिकाओ की तत्परता पूर्वक पतासाजी की गई। टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक सरिता लकड़ा, सहायक उपनिरीक्षक पवन प्रजापति, आरक्षक दीपक बुन्देला , आरक्षक प्रकाश तिवारी आरक्षक पंकज मिश्रा ( साइबर सेल ), महिला आरक्षक ज्योति धार्वे की टीम के द्वारा लगातार प्रयास कर उक्त दोनो नाबालिक बालिकाओ को मैहर रेल्वे स्टेशन (जिला मैहर) से सकुशल दस्तयाब कर परिजनो को सौंपा गया है। दोनो नाबालिक बालिकाओ ने महिला पुलिस अधिकारी को पूछताछ पर बताया कि वह नवरात्रि पर मैहर मां शारदा देवी के दर्शन करने घर में बिना बताये चली गई थी। दोनो नाबालिक बालिकाओं के परिजनो ने अनूपपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

## अवैध खनन पर वार–कानून का सख्त प्रहार



**मुरैना ।** पुलिस ने जिले में गौण खनिज के अवैध परिवहन, उत्खनन एवं भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। यह अभियान 16 से 23 मार्च तक संचालित किया गया, जिसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध रेत, पत्थर एवं अन्य खनिज से भरे 24 ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक ट्रॉली और एक ट्रक जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 2 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। इसके अलावा पुलिस, प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीम ने राजघाट और डाबरपुरा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से उत्खनित कर भंडारित लगभग 4500 ट्रॉली (करीब 9000 घनमीटर) रेत का नष्टीकरण किया, जिसकी अनुमानित कीमत 90 लाख रुपए से अधिक बताई गई है।



## फरीदकोट पुलिस की बड़ी स्ट्राइक –स्नैपचैट के जरिए चल रहे हाई–टेक ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़



**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)** पंजाब में नशे के खिलाफ जारी %वॉर ऑन ड्रग्स% अभियान के तहत फरीदकोट पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सोशल मीडिया ऐप स्नैपचैट के जरिए संचालित हो रहे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के ड्रग तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 200 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

**नाकेबंदी के दौरान दबोचे गए लुधियाना के तस्कर**

एसएसपी फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन के दिशा-निर्देशों पर एसपी (इन्वेस्टिगेशन) श्री जोगेश्वर सिंह गोराया और डीएसपी श्री इकबाल सिंह की टीम ने फरीदकोट-बठिंडा बॉर्डर पर गांव डोड के पास विशेष नाकाबंदी की थी। इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से नशे की खेप बरामद हुई।

**गिरफ्तार आरोपियों की पहचान**

आनंद कुमार पांडे (निवासी लुधियाना), अजय कुमार (निवासी लुधियाना), निखिल कुमार (निवासी लुधियाना)।

**बरामदगी का विवरण**

हेरोइन~ 200 ग्राम, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट~ 02 मोबाइल फोन अन्य सामान~ 01 कंप्यूटर कांटा (वजन करने हेतु) और 01 मोटरसाइकिल स्नैपचैट~ पुलिस से बचने का %डिजिटल हथियार पूछताछ में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि ये तस्कर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बचने के लिए स्ठ्ठड्डश्चष्द्धड्डह्ल का इस्तेमाल करते थे। ÷आरोपी ड्रग्स की लोकेशन, सप्लाई के निर्देश और पैसों के लेनदेन की जानकारी स्नैपचैट पर साझा करते थे, क्योंकि इस ऐप पर मैसेज अपने आप डिलीट हो जाते हैं, जिससे सबूत जुटाना मुश्किल हो जाता है÷--पुलिस रिपोर्ट। आगे की कार्रवाई और रिमांड~बाजाखाना पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों का रिमांड हासिल कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस नेटवर्क के तार कहाँ-कहाँ जुड़े हैं और हेरोइन की यह खेप कहाँ से लाई गई थी।

# सरबजीत सिंह बराड़ ने ब्लॉक समिति फरीदकोट के चेयरमैन का पद संभाला

**फरीदकोट, 27 मार्च (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** सरबजीत सिंह बराड़ ने आज ब्लॉक डेवलपमेंट एंड पंचायत ऑफिसर (बीडीपीओ) ऑफिस में ब्लॉक समिति फरीदकोट के चेयरमैन का पद संभाला। इस मौके पर गुरु साहिब का शुक्रिया अदा करने के लिए श्री सुखमणि साहिब का पाठ किया गया। पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवान, फरीदकोट एमएलए गुरदित सिंह सेखों और जैतो एमएलए अमोलक सिंह खास तौर पर इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए और नए चेयरमैन को शुभकामनाएं दीं।



**विकास के कामों में तेजी आएगी~**

स्पीकर संधवा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पीकर संधवा ने कहा कि पंजाब सरकार गांवों की सूरत बदलने और लोगों की उम्मीदों के मुताबिक विकास के कामों को तेजी से लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एस. बराड़ पंचायत लेवल पर लोगों की समस्याओं को हल करने में अहम भूमिका निभाएंगे। हम सरकारी योजनाओं का फायदा हर घर तक पहुंचाएंगे~एमएलए सेखों एमएलए गुरदित सिंह सेखों और एमएलए अमोलक सिंह ने कहा कि हमारी मुख्य प्राथमिकता पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं का फायदा हर योग्य व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।



**मैं अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाऊंगा~**

सरबजीत सिंह बराड़ पदभार संभालने के बाद, एस. सरबजीत सिंह बराड़ ने पूरी लीडरशिप का धन्यवाद किया और भरोसा दिलाया कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी लगन और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह ब्लॉक के सभी गांवों के आम विकास के लिए दिन-रात काम करेंगे। इस मौके पर अलग-अलग विभागों के अधिकारी, ब्लॉक समिति सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि और इलाके के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।



## रीवा नवीन न्यायालय में अव्यवस्थाओं पर बोले नूरुल हसन खान, अधिवक्ताओं को हो रही भारी दिक्कतें,,,,




**रीवा ब्यूरो चीफ शुभम तिवारी रीवा।** नवीन न्यायालय भवन में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर अधिवक्ताओं की नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। इस संबंध में जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व सहसचिव नूरुल हसन खान ने गंभीर मुद्दे उठाते हुए बताया कि अधिवक्ताओं के शिफ्ट होने के कई महीने बाद भी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है उन्होंने कहा कि करीब चार-पांच महीने पहले सभी अधिवक्ता नए न्यायालय भवन में स्थानांतरित हो चुके हैं लेकिन यहां शिफ्टिंग से पहले भी कोई ठोस व्यवस्था नहीं थी और वर्तमान में भी हालात संतोषजनक नहीं हैं,,,, सबसे बड़ी समस्या साफ-सफाई, शौचालयों की बदहाल स्थिति और शुद्ध पेयजल की अनुपलब्धता है नूरुल हसन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 नवंबर 2025 को उन्होंने स्वयं माननीय प्रधान न्यायाधीश को लिखित आवेदन देकर सर्विस बिल्डिंग में साफ सफाई, जल निकासी और पीने के पानी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की थी इसके बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो सका उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2026 में भी इसी विषय को लेकर पुनः आवेदन दिया गया हाल ही में रीवा में आयोजित बैठक के दौरान, जब उच्च न्यायालय के न्यायाधीश उपस्थित थे, तब भी अधिवक्ताओं की ओर से इन समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया, उस समय आश्वासन मिला था कि मार्च तक व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी जाएंगी, लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर कोई ठोस सुधार देखने को नहीं मिला है अंत में नूरुल हसन खान ने कहा कि न्यायिक कार्यों के सुचारू संचालन के लिए स्वच्छ वातावरण और बुनियादी सुविधाएं अत्यंत आवश्यक हैं उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान किया जाए, ताकि अधिवक्ताओं और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## सनातन एकता यात्रा में केशवाही बजरंग बली मन्दिर से भव्य चुनरी यात्रा मरखी देवी मन्दिर तक कर माता जी को चुनरी भेंट की गई



**शहडोल 23 मार्च यस न्यूज प्रति निधि चेतराम शर्मा।** सनातन एकता यात्रा दिनांक 19 मार्च 2026 दिन गुरुवार को तीर्थ स्थल अमर कंटक से शुरू किया गया। यह यात्रा 15 दिवसीय किया जा रहा है जिसका भव्य समापन समारोह दिनांक- 02 /04 / 2026 को धनपुरी नगर में होना तय किया गया है। सनातन एकता यात्रा का प्रथम दिवस दिनांक 19 मार्च 2026 को 11.30 बजे राजेंद्र ग्राम में यात्रा स्वागत भ्रमण, 04 बजे अनूपपुर , मारुति शिव हनुमान मन्दिर मड़फा तालाब से गोविंदम होटल होते हुए रेलवे चौक के पास मढ़िया काली मन्दिर तक, दिनांक 20 मार्च 2026 को सुबह 08 बजे ग्राम पसला यात्रा स्वागत भ्रमण यात्रा, 10 बजे फुनगा यात्रा स्वागत भ्रमण 12 बजे कदम टोला पयारी, यात्रा स्वागत भ्रमण 2.30 बजे सकोला बदरा यात्रा स्वागत 3.30 बजे बुरहानपुर यात्रा स्वागत भ्रमण समय 5 बजे कोतमा नगर यात्रा स्वागत भ्रमण एवं चुनरी भेंट ठाकुर बाबा से शारदा मन्दिर होते हुए माता जी मन्दिर तक दिनांक - 21 मार्च 2026 दिन शनिवार 9 . 00 बजे भालूमांडा यात्रा स्वागत भ्रमण 10 बजे कटकोना यात्रा स्वागत भ्रमण 11.00 बजे बैहाटोला यात्रा स्वागत भ्रमण 12 बजे झिरिया टोला यात्रा स्वागत भ्रमण 1.00 बजे राम नगर तुर्रा धाम यात्रा स्वागत एवं दर्शन 2.30 बजे रामनगर यात्रा भ्रमण 4.00 बजे डोला यात्रा स्वागत भ्रमण 5.30 बजे बिजुरी नगर यात्रा स्वागत भ्रमण रेल्वे ओवर ब्रिज से हनुमान मन्दिर होते हुए पिपलेश्वर महादेव मन्दिर तक, दिनांक -22 मार्च 2026 दिन रविवार 9.00 बजे भक्ता यात्रा स्वागत भ्रमण 10 बजे बहेरा बांध यात्रा स्वागत भ्रमण 11 बजे क्योंटार यात्रा स्वागत भ्रमण 12 बजे पकरिहा यात्रा स्वागत भ्रमण, 01 बजे कोठी यात्रा स्वागत भ्रमण 02 बजे तरसिली यात्रा स्वागत भ्रमण 03 बजे पचखुरा यात्रा स्वागत भ्रमण 4.00 बजे चरण पादुका पावन धाम रेउसा दर्शन परिक्रमा एवं चुनरी भेंट, दिनांक - 23 मार्च 2026 दिन सोमवार 9 बजे रामवन गमन पथ जर्रा टोला खोड़री पंचायत यात्रा स्वागत भ्रमण गदा भेंट 11.00 बजे निगमानी यात्रा स्वागत भ्रमण 12.00 गढ़ी यात्रा स्वागत भ्रमण 01 बजे बसखला यात्रा स्वागत भ्रमण 02 बजे गोहन्ड्रा यात्रा स्वागत भ्रमण 03 बजे देवगंवा यात्रा स्वागत भ्रमण 04 बजे धनौरा यात्रा स्वागत भ्रमण किया जा चुका है। सनातन एकता यात्रा की यात्रा दिनांक- 23 मार्च 2026 को सायं 05 बजे केशवाही के बजरंग बली मन्दिर से श्री जगन्नाथ जी रथ में सवार, डी जे साउंड के साथ लगभग 51 मीटर चुनरी के साथ यात्रा करते हुए मरखी देवी धूमावती मंदिर जमुनिहाँ, केशवाही तक सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ माता जी को चुनरी चढ़ाया गया। सनातन एकता यात्रा का अगुआई संयोजक जे. पी. साहू जी के द्वारा किया गया। इस यात्रा का स्वागत मण्डल अध्यक्ष केशवाही शिवम त्रिपाठी ( प्रिंस ) , शनि तिवारी, अर्जुन सिंह, धनराज शुक्ला, कमलेश सिंह आदि कार्य कार्ताओं के द्वारा किया गया। आदि शक्ति मरखी देवी धूमावती मन्दिर परिसर में श्री मद भागवत कथा चल रही थी ब्यास जी से जे. पी. साहू जी ने आशीर्वाद लिया और सनातन एकता पर अपने विचार रखे। समस्त यात्रियों का यहाँ समिति के अध्यक्ष आनंद मिश्रा और सदस्यों के द्वारा भोजन प्रसाद की ब्यवस्था की गई, दिनांक - 24 मार्च 2026 को सुबह जैतपुर माँ सिंह वाहिनी भटिया के लिए प्रस्थान करेंगे।



# फरीदकोट पुलिस का बड़ा एक्शन– गोल्डी बराड़ गैंग के 3 शूटर विदेशी ग्लॉक पिस्टल सहित गिरफ्तार

**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** जिले में गैंगस्टरों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम के तहत फरीदकोट पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली, जब सीआईए (सीआईए) स्टाफ की टीम ने लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़े तीन गुर्गों को हथियारों समेत दबोच लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक 9द्वद्व विदेशी ग्लॉक पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं, - एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन के नेतृत्व में मिली कामयाबी डीएसपी (इन्वेस्टिगेशन) श्री अवतार सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन के दिशा-निर्देशों पर जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सीआईए स्टाफ फरीदकोट द्वारा की गई विशेष नाकाबंदी और चेकिंग के दौरान इन आरोपियों को काबू किया गया।

**गिरफ्तार आरोपियों का विवरण**

पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई है~ 1. जगदीप कुमार उर्फ ??दीपू (निवासी बाजीगर बस्ती, फरीदकोट)। 2. चेतन घारू उर्फ ??चेतू (निवासी आवा बस्ती, फिरोजपुर)। 3. सनी सिंह (निवासी बाजीगर बस्ती, फरीदकोट)।

**मर्डर केस का भगोड़ा भी चढ़ा पुलिस के हत्थे**

जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी चेतन घारू फिरोजपुर के एक चर्चित मर्डर केस (स्नद्बक्रहृश्. 242/2023) में वांछित था। वह लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था और उसके खिलाफ हत्या (धारा 302) जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। ऑपरेशन की पूरी कहानी~ कैसे बिछाया गया जाल? सीआईए स्टाफ इंचार्ज इंस्पेक्टर अमरिंदर सिंह की देखरेख में एएसआई परमिंदर सिंह की टीम ने 19 मार्च को नई अनाज मंडी के पास से जगदीप दीपू और चेतन को दबोचा। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि यह विदेशी हथियार आगे सप्लाई किए जाने थे। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस ने 22 मार्च को तीसरे साथी सनी सिंह को एयरक्राफ्ट ग्राउंड के पास से गिरफ्तार कर लिया।



**पुलिस की आगामी रणनीति**

सिटी फरीदकोट पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। डीएसपी अवतार सिंह ने स्पष्ट किया कि अब पुलिस इनके %बैकवर्ड और फॉरवर्ड% लिंक्स खंगाल रही है-यानी यह पता लगाया जा रहा है कि विदेशी हथियार किस रूट से भारत आए और इन शूटरों का अगला निशाना कौन था। ÷जिले की शांति भंग करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। गैंगस्टरों के नेटवर्क को जड़ से खत्म करना हमारी प्राथमिकता है÷--पुलिस प्रशासन, फरीदकोट।

## फरीदाबाद में पाकिस्तानी जासूस अरेस्ट – पेट्रोल पंप पर चला रहा था पंचर की दुकान, सैनिकों के फोटोज भेजता ; हर PHOTO पर मिलते थे 6 हजार

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले गैंग के मेंबर नौशाद अली उर्फ लालू को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नौशाद पेट्रोल पंप पर तीन महीने से पंचर बनाने की दुकान चला रहा था। नौशाद रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के फोटो वीडियो बनाता था और उसे व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए पाकिस्तान भेजने का काम करता था। इसके लिए एक फोटो पर उसे 4 से 6 हजार रुपए मिलते थे। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि अभी तक इसमें गैंग के सरगना मेरठ के सुहेल सहित 22 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने नौशाद के अलावा औरंगाबाद की मीरा को अरेस्ट किया है। एक आरोपी नाबालिग है। तीनों ने बताया कि सुहेल ने ही हमें ग्रुप में जोड़ा था।

**पाकिस्तान में कैमरों का एक्सेस**

गाजियाबाद पुलिस की जांच में पता चला कि ये लोग रेलवे स्टेशन और सुरक्षा बलों के ठिकानों की फोटो और वीडियो बनाकर कुछ लोगों को भेजते थे और इसके बदले उन्हें पैसे मिलते थे। इस गैंग का देशभर में करीब 50 सोलर कैमरे लगाने का प्?लान था। दिल्ली-हरियाणा के रेलवे स्टेशनों पर कैमरे लगा भी दिए थे। पुलिस ने दोनों स्थानों के कैमरे रिकवर करते हुए जांच शुरू कर दी है। इन कैमरों को फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा। दिल्ली और सोनीपत में लगाए गए कैमरों का एक्सेस पाकिस्तान में था। यानी इनके सीधी वीडियो पाकिस्तान में देखी जा रहीं थी। 450 से अधिक फोटो वीडियो पाकिस्तान भेजे गए। रिमांड पर सुहेल और अन्य सभी आरोपियों ने बताया कि हम लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग पाकिस्तान में बैठे लोगों को भेजते थे। हर कैमरे की इंस्टॉलेशन पर 10 हजार रुपये से लेकर 15 हजार रुपये मिलते थे। दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर एक कैमरा इनस्टॉल किया है। 4 से 5 हजार रुपये भी अलग अलग लोगों को मिले। हरियाणा के सोनीपत रेलवे स्टेशन के पास सोलर ऑपरेटेड दूसरा कैमरा लगाया। इसे गाजियाबाद पुलिस ने रिकवर कर लिया है। यूपी पुलिस, यूपी एटीएस और दिल्ली पुलिस व हरियाण पुलिस भी पूछताछ कर चुकी हैं। जांच एजेंसियों की पूछताछ में सामने आया है सुहेल ने एक व्हाट्सअप ग्रुप बनाया था। इसमें वह लोगों को पाकिस्तान से जुड़े फोटो-वीडियो भेज रहे थे।

**3 महीने पहले खोली थी दुकान**

जानकारी के अनुसार, करीब तीन महीने पहले ही फरीदाबाद के गांव नचौली स्थित खुले एक पेंट्रोल पंप पर नौशाद ने पंचर बनाने की दुकान शुरू की थी। नौशाद बिहार के मुजफ्फरपुर थाना काटी




क्षेत्र के अंतर्गत हरचंदा गांव का रहने वाला रहने वाला है।

**16 मार्च को हुई गिरफ्तारी**

16 मार्च की शाम गाजियाबाद पुलिस सादे कपड़ों में लोकेशन ढूंढते हुए पहुंची थी। पुलिसकर्मियों ने पहले एक-एक कर पेट्रोल पंप कर्मियों से नाम और मूल निवास पूछे। इस दौरान नौशाद वहीं बगल में एक तरफ खड़ा रहा, मगर पुलिसकर्मियों ने उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया।

**कर्मियों से पूछताछ में खुला राज**

पुलिस ने जब कर्मचारियों से नौशाद अली नामक शख्स के बारे में पूछा तो पता चला कि पंचर की दुकाने लगाने वाले शख्स का नाम नौशाद अली उर्फ लालू है। जिसके बाद पुलिस उसको पकड़ कर ले गई। पुलिस ने इस दौरान उसका मोबाइल भी अपने कब्जे में ले लिया।



## ससुराल बना सफलता की सीढ़ी– फाजिल्का डीसी अमरप्रीत कौर संधू की प्रेरणादायक दास्तां



**फाजिल्का (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** कहते हैं कि अगर हौसले बुलंद हों और परिवार का साथ मिले, तो आसमान की ऊंचाइयों को छूना नामुमकिन नहीं है। फाजिल्का की वर्तमान डिप्टी कमिश्नर श्रीमती अमरप्रीत कौर संधू (आईएएस) ने इस बात को सच कर दिखाया है। उनकी सफलता केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि उन परिवारों के लिए एक मिसाल है जो बहुओं को अपनी बेटियों जैसा दर्जा देकर उनके सपनों को पंख देते हैं।

**खेतों से शुरू हुआ आईएएस तक का सफर**

राजस्थान के श्रीगंगानगर में एक जमींदार परिवार में जन्मी अमरप्रीत का बचपन सादगी और मेहनत के बीच बीता। माता-पिता ने खेती और पशुपालन करते हुए भी अपनी बेटी के मन में बड़ा बनने का बीज बोया। अपनी शुरुआती पढ़ाई अबोहर और उच्च शिक्षा चंडीगढ़ व दिल्ली से पूरी करने वाली अमरप्रीत ने हमेशा से ही देश सेवा का सपना देखा था।

**ससुराल ने निभाया माता–पिता का फर्ज~**

अमरप्रीत कौर की शादी फिरोजपुर में हुई। अक्सर माना जाता है कि शादी के बाद लड़कियों के करियर पर विराम लग जाता है, लेकिन अमरप्रीत के मामले में उनका ससुराल ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। ÷मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे ऐसा ससुराल मिला जिसने मेरे सपनों को अपना माना। मेरी सफलता का सारा श्रेय उन्हें जाता है, जिन्होंने मुझे चंडीगढ़ और दिल्ली जैसे शहरों में कोचिंग के लिए भेजकर हर मोड़ पर मेरा हौसला बढ़ाया-अमरप्रीत कौर संधू, डीसी फाजिल्का।

**चुनौतियां और यूपीएससी में फतह**

तैयारी के दौरान उन्हें समाज के तानों का भी सामना करना पड़ा। लोग अक्सर उनकी काबिलियत और रिजल्ट को लेकर सवाल उठाते थे, लेकिन परिवार की मानसिक मजबूती ने उन्हें डिगने नहीं दिया। अंततः 2016 बैच में यूपीएससी की परीक्षा पास कर उन्होंने इतिहास रच दिया। इससे पहले वे होशियारपुर में एसडीएम और कपूरथला में एडीसी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

**बॉर्डर जिले में जनता की अफसर**

फाजिल्का जैसे सीमावर्ती जिले में अपनी तैनाती के दौरान अमरप्रीत ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। बाढ़ के संकट के समय उन्होंने ऑफिस में बैठने के बजाय खुद पानी में उतरकर रिलीफ वर्क का नेतृत्व किया। उनकी इसी जमीनी कार्यशैली से प्रभावित होकर आज इलाके की युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले रही है। समाज को सशक्त संदेश डीसी संधू का संदेश स्पष्ट है कि बेटियों और बहुओं में फर्क करना छोड़ दें। उनका मानना है कि जब समाज बहुओं के सपनों की कद्र करना शुरू करेगा, तभी एक खुशहाल और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होगा। न्यूज़~ 23-3 फोटो कैप्शन~ डिप्टी कमिश्नर श्रीमती अमरप्रीत कौर संधू (आईएएस), जो आज लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं।

## खबर का असर– सड़क के बीचोंबीच खोदी गई नींव जेसीबी से कराई गई पटाई



**अनूपपुर यस न्यूज ब्यूरो दिगम्बर शर्मा।** उप तहसील फुनगा क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला है। पुराने सड़क मार्ग के बीचोंबीच खोदी गई नींव, जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश था, उसे अब जेसीबी मशीन के माध्यम से पटवा दिया गया है। गौरतलब है कि सड़क के बीच नींव खोदे जाने से आवागमन बाधित होने की आशंका जताई जा रही थी। ग्रामीणों का कहना था कि संबंधित व्यक्ति इसे अपनी निजी भूमि बता रहा था, जबकि यह मार्ग वर्षों से फुनगा टोला एवं विद्यालय आने-जाने के लिए उपयोग में है, जहां से प्रतिदिन स्कूली छात्र भी गुजरते हैं। यस न्यूज द्वारा प्रमुखता से इस खबर को प्रकाशित किया गया था खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन हरकत में आया और तत्काल कार्रवाई करते हुए गड्ढे को भरवाकर मार्ग को पुनः सुचारू कराया गया। इससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि क्षेत्र में अन्य अतिक्रमण के मामलों को लेकर अब भी सवाल बने हुए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि शासकीय भूमि पर किए गए सभी अतिक्रमणों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में आम रास्तों और सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा न हो सके।

## मनगवॉ बना नशे का अड्डा! बस्ती में 'हाईटेक' तस्करी, पुलिस की चुप्पी पर बड़े सवाल

**रीवा/मनगवॉ रीवा ब्यूरो चीफ शुभम तिवारी**
मनगवॉ बस्ती में नशे का अवैध कारोबार तेजी से पैर पसारता नजर आ रहा है। स्थानीय सूत्रों और क्षेत्र में हो रही चर्चाओं के मुताबिक, यहां अब पारंपरिक नहीं बल्कि 'हाईटेक नेटवर्क' के जरिए नशीले पदार्थों की सप्लाई की जा रही है। आरोप है कि कुछ तस्कर जिला मुख्यालय से नेटवर्क संचालित कर रहे हैं, जबकि कई लोग मनगवॉ में रहकर ही गांजा, कोरेक्स (नशीली कफ सिरप), नशीली टैबलेट और इंजेक्शन का कारोबार खुलेआम चला रहे हैं। जमीनी पड़ताल में सामने आया है कि मनगवॉ की पुरानी बस्ती कथित रूप से इस अवैध कारोबार का मुख्य केंद्र बनती जा रही है। हैरानी की बात यह है कि लगातार शिकायतों और चर्चाओं के बावजूद भी इन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है, जिससे कारोबारियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं। इन नामों की चर्चा तेज क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं, जिन पर अवैध नशे के कारोबार को संचालित करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। चर्चाओं में नीलेश साहू (पिता भैयालाल साहू), कुंजी भुजवा, सज्जन (पिता हरुल खान) और शगीर खान उर्फ गुड्डा के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। आरोप है कि ये लोग नशीली दवाओं का नेटवर्क रीवा शहर तक फैलाकर जिलेभर में सप्लाई कर रहे हैं।



एनडीपीएस के आरोपी फिर सक्रिय?सूत्रों के अनुसार, मनगवॉ निवासी डब्ल्यू जयसवाल उर्फ संदीप पर गांजा के अंतर्राज्यीय कारोबार के आरोप हैं। बताया जाता है कि उसके खिलाफ जिले के कई थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज हैं और वह फिलहाल जमानत पर बाहर है। इतना ही नहीं, उसके खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज बताया जा रहा है। इसी तरह, दीपू जयसवाल–जो कथित रूप से एनडीपीएस मामले में सजायाफ्ता रहा है और वर्तमान में जमानत पर है–पर भी मढ़ी-सुरसा हाईवे स्थित एक ढाबे की आड़ में गांजा कारोबार चलाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। पुलिस पर उठ रहे सवाल स्थानीय लोगों का कहना है कि कई मामलों में आरोपित पुलिस रिकॉर्ड में ÷तलाश÷ में बताए जाते हैं, लेकिन उनकी गिरफ्तारी या ठोस कार्रवाई को लेकर गंभीरता नजर नहीं आती। इससे क्षेत्र में यह संदेश जा रहा है कि नशे का कारोबार बेखौफ जारी है और कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित है।


## पांचवीं-आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित, बीछी गांव के दो होनहारों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**ब्यूरो सूरज सिंह सिंगरौली।** 26 मार्च 2026 चितरंगी। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परिणाम जारी होते ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई और सफल छात्रों को बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। इसी क्रम में सीधी जिले के सरस्वती ज्ञान मंदिर, सीधी खुर्द में अध्ययनरत चितरंगी विकासखंड के बीछी गांव के दो होनहार विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खास बात यह रही कि दोनों छात्र एक ही परिवार से हैं और अपनी मेहनत के दम पर उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आशीष यादव ने कक्षा 5वीं में 85.25 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दिव्यांशु यादव ने कक्षा 8वीं में 92.16 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के पीछे परिवार एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। परिजनों में चाचा सुभाष यादव एवं भोला यादव ने बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित किया, वहीं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन ने सफलता की राह आसान बनाई। विद्यार्थियों की इस सफलता से बीछी गांव सहित पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं परिजनों ने खुशी जताते हुए दोनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बताया जा रहा है कि दोनों छात्र शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और नियमित परिश्रम के साथ-साथ अनुशासन का पालन करते हुए इस मुकाम तक पहुंचे हैं।



## महिला ऋग्नह आरक्षक एवं उनके सभी साथी को 4500 रुपए कि रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा

**RTO जबलपुर ।** के काले कारनामे का हुआ सफाया द्य आज लगातार छ माह से मेहनत के बाद आज मुझे पहली सफलता मिली द्य RTO जबलपुर के दल्ला ,कटर और पैसे की आदि लेडीज कर्मी वसूली में इस्तेमाल करने वाला RTO विभाग में मैयत सी छा गई है द्य मैं सभी ड्राइवर भाई ,मोटर वाहन मालिक ,ट्रांसपोर्टर भाई ,का धन्यवाद देता हूँ द्य आप लोग यह संकल्प लें की अब आपकी कमांडो सेना भ्रष्टाचार मुक्त RTOबनाएगी द्य अब एक वार मेरा विश्वास करे और RTO चेक प्वाइंटों में पैसा विल्कुल ना दे द्य आपकी लड़ाई मैं लड़ूँगा ।



## पपरेडी हायर सेकेंड्री स्कूल में बड़ी लापरवाही 9वीं-11वीं का रिजल्ट अब तक जारी नहीं

**ब्यौहारी ।** शहडोल जिले के ब्यौहारी विकासखंड अंतर्गत पीएम श्री शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल से संबद्ध पपरेडी स्थित हायर सेकेंड्री स्कूल में कक्षा 9वीं और 11वीं का रिजल्ट परीक्षा परिणाम अब तक घोषित नहीं किया गया है। इस लापरवाही से छात्रों और अभिभावकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। गौरतलब है कि 23 मार्च को शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट आदेश जारी कर निर्धारित समयसीमा में रिजल्ट घोषित करने के निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद स्कूल प्राचार्य द्वारा इन आदेशों का पालन नहीं किया गया। छात्रों का कहना है कि रिजल्ट घोषित न होने से उनकी आगे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं अभिभावकों में भी चिंता बढ़ती जा रही है, क्योंकि समय पर परिणाम नहीं मिलने से एडमिशन और अगली कक्षाओं की तैयारी में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द रिजल्ट घोषित कराया जाए।

**इनका कहना**


कल प्राप्तांक सीट मिला है विद्यालय का रिजल्ट नहीं खुला है कल तक घोषित हो जाएगा।

**आनंदराम कवर (प्राचार्य) शासकीय हायर सेकंड्री स्कूल पपरेडी जिला शहडोल मध्यप्रदेश**

# ईरान की ढाल बना होर्मुज स्ट्रेट का संकरा रास्ता अमेरिका के लिए क्यों आसान नहीं है इसे खोलना

मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक टकराव का केंद्र बन गया है। ईरान ने अमेरिका-इजरायल संघर्ष के बाद इसे बंद कर दिया है, जिससे वैश्विक तेल व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दीपक गुप्ता, नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज स्ट्रेट अब सिर्फ एक समुद्री रास्ता नहीं, बल्कि वैश्विक टकराव का सबसे सबसे अहम केंद्र बन गया है। ईरान-अमेरिका और इजरायल के बीच जारी संघर्ष ने इस संकरे जलमार्ग को एक खतरनाक चोकपॉइंट में बदल दिया है। जिसके कारण यहां से गुजरने वाला वैश्विक तेल व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के मिसाइल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद तेहरान ने होर्मुज पर कड़ा रुख अपनाया है। ईरान ने न केवल मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं, बल्कि दुनिया के सबसे व्यस्त तेल मार्ग होर्मुज स्ट्रेट को भी बंद कर दिया है। ईरान इस संकरे रास्ते का इस्तेमाल अपने लिए ढाल की तरह कर रहा है। हालांकि, ईरान ने भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान जैसे मित्र देशों के लिए सीमित रास्ता खुला रखा है। ईरान के विदेश मंत्री ने साफ किया है कि होर्मुज स्ट्रेट खुला है, लेकिन दुश्मन देशों के जहाजों के लिए बंद है। इस संकट से फारस की खाड़ी में सैकड़ों तेल टैंकर फंसे हुए हैं। युद्ध से पहले रोजाना करीब 80 जहाज इस रास्ते से गुजरते थे, लेकिन अब इस संख्या में काफी गिरावट आई है, जिसका सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ रहा है। मौजूदा संकट के बीच होर्मुज स्ट्रेट को खोलना किसी के लिए भी आसान नहीं है। इसके पीछे न केवल ईरान की बारूदी धमकी है, बल्कि यहां की भौगोलिक स्थिति एक बड़े हथियार के रूप में सामने आ रही है। क्यों खोलना मुश्किल है होर्मुज? भौगोलिक चुनौती बनी ईरान का हथियार होर्मुज स्ट्रेट बेहद संकरा और उथला समुद्री जलमार्ग है, जहां से जहाजों को ईरान के बेहद करीब से गुजरना पड़ता है। ईरान का पहाड़ी तटीय इलाका उसे प्राकृतिक सुरक्षा देता है। ईरान ने अपने मिसाइल सिस्टम, ड्रोन और हथियार पहाड़ी इलाकों, गुफाओं और सुरंगों में छिपा रखे हैं, जिससे जहाजों पर हमला करना बेहद आसान हो जाता है। ईरानी मिसाइल और ड्रोन का खतरा होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर यदि ईरान मिसाइल या ड्रोन से हमले करता है तो जहाजों के पास रिएक्शन के लिए बहुत कम समय होता है, या कहें कि कुछ ही मिनट होते हैं। ऐसे में जहाजों के ईरानी मिसाइलों के शिकार होने का खतरा बना रहता है। अब तक 17 जहाज हमले का शिकार हो चुके हैं। समुद्र में बारूदी सुरंग ईरान ने समुद्र में बारूदी सुरंग बिछा रखी हैं, अगर अमेरिका किसी समझौते के बाद उन्हें हटाने की कोशिश करता है, तो इसमें हफ्तों का समय लग सकता है। इस दौरान जहाजों और सुरक्षा बलों की को लगातार खतरा बना रहेगा। अमेरिका के लिए आसान नहीं सैन्य समाधान जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने जहाजों को सैन्य सुरक्षा देने की बात कही है, लेकिन यह बेहद कठिन और जोखिम भरा होगा। युद्धपोतों को ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाना आसान नहीं होगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इतनी बड़ी सैन्य कार्रवाई के लिए भारी मात्रा में संसाधन लेंगेंगे और फिर भी सफलता की गारंटी नहीं है। ट्रंप के रुख में लगातार बदलाव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि अगर होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला गया तो ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला किया जाएगा। हालांकि, अब ट्रंप का रुख थोड़ा नरम दिख रहा है। उन्होंने 5 दिन के लिए हमले टाल दिए हैं और कहा कि ईरान के साथ बातचीत सकारात्मक रही है। ईरान ने लागू किया %टोल सिस्टम% रिपोट्स के मुताबिक, ढ्ढक्रत्रष्ट ने एक तरह का टोल सिस्टम लागू कर दिया है। जहाजों को अब विशेष अनुमति, दस्तावेज और कोड के साथ ही एक निश्चित मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। 13 मार्च के बाद से कम से कम 26 जहाज इस मार्ग से गुजर चुके हैं, जबकि सामान्य मार्ग लगभग बंद हो चुका है। बाब-अल-मंदेब पर मंडराया खतरा? ईरान ने चेतावनी जारी की है कि अगर अमेरिका-इजरायल ने युद्ध को बढ़ाया तो वह बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य को भी निशाना बना सकता है। यह जल मार्ग लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ता है, जो कि वैश्विक व्यापार के लिए बेहद अहम माना जाता है। अगर यहां भी संकट पैदा होता है तो वैश्विक अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका साबित होगा।




**क्या है इसका समाधान**

एक्सपर्ट्स का कहना है कि केवल सैन्य कार्रवाई से इस संकट का हल संभव नहीं है। जब तक ईरान का खतरा पूरी तरह खत्म नहीं होता, जहाज कंपनियां इस मार्ग का इस्तेमाल करने से बचेंगी। इस संकट का समाधान कूटनीतिक और राजनीतिक समझौते से ही निकल सकता है। अभी के हालात में दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति बेहद नाजुक मोड़ पर खड़ी है।

## गवर्नमेंट कॉलेज, फरीदकोट में ऑल इंडिया मुशायरा 'बज़्म-ए-शीर-ओ-तरब' यादगार रहा, -देश भगत पंडित चेतन देव गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन और 'सुर-आंगन' संस्था का मिला-जुला प्रयास



**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)।** देश भगत पंडित चेतन देव गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, फरीदकोट में प्रिंसिपल डॉ. राजेश मोहन की गाइडेंस में और म्यूज़िकल संस्था 'सुर-आंगन' के साथ मिलकर ऑल इंडिया मुशायरा 'बज़्म-ए-शीर-ओ-तरब' ऑर्गनाइज़ किया गया। इस लिटरेरी इवेंट में देश के अलग-अलग कोनों से आए पंजाबी, हिंदी और उर्दू के जाने-माने शायरों ने अपनी रचनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**म्यूज़िकल धुनों से हुई शुरुआत**

प्रोग्राम की शुरुआत सुर-आंगन के कलाकारों द्वारा 'सुर-आंगन धुनी' गाने से हुई। आर्टिस्ट हर्षवर्धन ने डॉ. राजेश मोहन की रचना 'शायर कह कमाल दा नगमा बनालिया' पेश करके खूब तालियां बटोरीं। इसके बाद किरणदीप ने सुरैया मुल्तानी की मशहूर रचना पेश की और टीम ने सुरजीत पातर की यादगार रचना %जगा दे मोमबत्तियां% पेश कर माहौल को संगीतमय बना दिया।

**मशहूर शायरों ने समां बांधा**

मुशायरे के दूसरे चरण में देश भर के शायरों ने हिस्सा लिया, जिनमें शामिल हैं। मुंबई से॰ रुचि ड्रोलिया, चंडीगढ़ से॰ मुसव्वर फिरोजपुरी, बटाला से॰सुरिंदर सिंह, श्री मुक्तसर साहिब से॰श्री सतीश बेदाग, जालंधर से॰ श्री प्रमोद काफिर, फिरोजपुर से॰ हरमीत विद्यार्थी, फरीदकोट से॰ मंजीत पुरी और डॉ. राजेश मोहन। मुशायरे की अध्यक्षता मशहूर शायर विजय विवेक ने की। उनकी शायरी ने स्टूडेंट्स और साहित्य प्रेमियों का मनोरंजन किया। प्रिंसिपल डॉ. राजेश मोहन ने भी अपने पंजाबी और उर्दू कलाम पेश किए।

**स्टूडेंट प्रेजेंटेशन और सम्मान**

मुशायरे से पहले कॉलेज के लैंग्वेज क्लब और म्यूजिक क्लब की तरफ से रंगारंग कल्चरल प्रोग्राम पेश किया गया। करीब चार घंटे चले इस प्रोग्राम ने इलाके के साहित्यिक हलकों में अपनी अमिट छाप छोड़ी। आखिर में सभी मेहमान कवियों को खास तौर पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सागर मलिक (पंजाबिस्तान), अरुणा रणदेव, सतीश रणदेव, गुरविंदर औलख समेत पूरा कॉलेज स्टाफ और बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स मौजूद थे। डॉ. राजेश मोहन और मंजीत पुरी ने मिलकर स्टेज का संचालन किया।

# सीधी में लापरवाही का करंट- हाई टेंशन टॉवर बना मौत का जाल, 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत

मध्यप्रदेश के सीधी जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने प्रशासनिक लापरवाही और कंपनियों की गैरजिम्मेदारी पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले के ग्राम पंचायत कुसमहर में 17 वर्षीय सौरभ मिश्रा की हाई टेंशन बिजली टॉवर से गिरकर मौत हो गई–एक ऐसी मौत, जिसे रोका जा सकता था, अगर सुरक्षा के इंतजाम होते। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सौरभ मिश्रा, जो स्वर्गीय मनोज मिश्रा के इकलौते पुत्र थे, गांव में लगे हाई टेंशन लाइन के टॉवर पर चढ़ गए। लेकिन यह चढ़ना उनकी जिंदगी का आखिरी कदम साबित हुआ। टॉवर पर किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था–न तो फेंसिंग, न चेतावनी बोर्ड, न ही कोई निगरानी–मौजूद नहीं थी। यही खुली लापरवाही इस दर्दनाक हादसे की सबसे बड़ी वजह बन गई।

**सुरक्षा नहीं, सिर्फ खामियां कंपनी की बड़ी चूक**

ग्रामीणों का साफ आरोप है कि टॉवर लगाने वाली कंपनी ने सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं किया। गांव के बीचों-बीच खड़ा यह टॉवर किसी खतरे की घंटी से कम नहीं था, लेकिन जिम्मेदारों ने आंखें मूंद रखीं। सवाल यह है कि क्या किसी की जान जाने के बाद ही सुरक्षा नियम याद आते हैं?

**मुआवजा भी अधूरा, जिम्मेदारी भी गायब**

मामले को और गंभीर बनाता है यह तथ्य कि जिस जमीन पर यह टॉवर खड़ा किया गया, उसके मालिक को अब तक मुआवजा तक नहीं दिया गया। यानी एक तरफ जान चली गई, दूसरी तरफ अधिकार भी छीन लिए गए। यह दोहरी मार आखिर कब तक झेलेंगे ग्रामीण

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

सौरभ अपने परिवार का इकलौता सहारा था। उसकी मौत ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। घर में अब सन्नाटा और आंसुओं के सिवा कुछ नहीं बचा। गांव में भी मातम पसरा हुआ है और हर आंख नम है।

**ग्रामीणों का आक्रोश॰'दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई'**

घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि॰ पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो टॉवर लगाने वाली कंपनी पर सख्त कार्रवाई की जाए पीड़ित परिवार को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं

**बड़ा सवाल॰जिम्मेदार कौन?**

यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता का जीता-जागता उदाहरण है। अगर समय रहते सुरक्षा उपाय किए जाते, तो आज सौरभ जिंदा होता। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कितनी गंभीरता दिखाता है या यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा। सीधी से उठी यह दर्दनाक आवाज अब पूरे प्रदेश के लिए चेतावनी है–लापरवाही की कीमत अब जान देकर चुकानी पड़ रही है।



## एग्री स्टैक॰ किसानों के लिए फार्मर ढ्ढष्ठ बनाना ज़रूरी, -रजिस्ट्रेशन बिल्कुल फ्री होगा,

**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)।** भारत सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर में ट्रांसपेरेंसी लाने और किसानों को मिलने वाली सुविधाएं सीधे उन तक पहुंचाने के लिए %एग्री स्टैक% स्कीम के तहत फार्मर ढ्ढष्ठ बनाना ज़रूरी कर दिया है। चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर फरीदकोट डॉ. कुलवंत सिंह ने साफ किया है कि यह ढ्ढष्ठ बनाने का काम बिल्कुल फ्री है और किसानों से कोई फीस नहीं ली जा सकती।



**सब्सिडी के लिए फार्मर ढ्ढष्ठ ज़रूरी॰**

डॉ. कुलवंत सिंह ने बताया कि अब भारत सरकार की तरफ से फर्टिलाइजर, एग्रीकल्चर मशीनरी और दूसरे एग्रीकल्चर इनपुट पर दी जाने वाली सब्सिडी जारी रखने के लिए हर किसान के पास अपनी फार्मर ढ्ढष्ठ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन की डिटेल्स पहले से ही ऑनलाइन मौजूद हैं और अब इसे आधार कार्ड से जोड़ा जा रहा है ताकि सरकारी स्कीमों का फायदा असली फायदा उठाने वालों तक पहुंच सके। गांवों में कैंप लगाए जा रहे हैं॰कृषि एवं किसान कल्याण विभाग किसानों को जागरूक करने के लिए गांवों में किसान ट्रेनिंग कैंप लगा रहा है। इन कैंपों में ष्टस्ष्ट सेंटरों के प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं, ताकि मौके पर ही किसानों की ढ्ढष्ठ बनाई जा सके।

**फीस लेने वालों पर कार्रवाई होगी॰**

मुख्य कृषि अधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि यह सर्विस सरकार की तरफ से मुफ्त दी जा रही है। उन्होंने ष्टस्ष्ट सेंटरों के ड्डस्श्व को निर्देश दिया कि वे किसानों से कोई फीस न लें। उन्होंने किसानों से अपील की कि अगर कोई कर्मचारी ढ्ढष्ठ बनाने के बदले पैसे मांगता है, तो उसकी जानकारी तुरंत संबंधित ब्लॉक या गांव के कृषि अधिकारियों को दें, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके।

## कोटकपूरा पुलिस की बड़ी स्ट्राइक- तलवार की नोक पर बाइक छीनने वाला लुटेरा चंद घंटों में दबोचा

**फरीदकोट/** कोटकपूरा (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)॰ अपराध और अपराधियों के खिलाफ फरीदकोट पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन के सख्त निर्देशों पर काम करते हुए थाना सदर कोटकपूरा की पुलिस ने लूटपाट की एक बड़ी वारदात को महज कुछ ही घंटों में सुलझाकर एक आरोपी को दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। वारदात का संक्षिप्त विवरण घटना 22 मार्च की है, जब निर्मल सिंह नाम का व्यक्ति कोटकपूरा से अपने गांव बरगेआना जा रहा था। गांव कोटसुखिया के पास सुए पुल पर तीन हथियारबंद लुटेरों ने उसे रोक लिया। लुटेरों ने तलवार की नोक पर निर्मल सिंह को डराया-धमकाया और उसका पर्स व स्प्लेंडर मोटरसाइकिल छीनकर फरार हो गए।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गिरफ्तारी**

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी (इन्वेस्टिगेशन) जोगेश्वर सिंह गोराया और डीएसपी संजीव कुमार की अगुवाई में विशेष टीमें गठित की गई। पुलिस ने जाल बिछाया और नेशनल हाईवे (देवीवाला रोड) पर नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध को रोका। गिरफ्तार आरोपी॰ कोमलदीप सिंह उर्फ सनी (निवासी बस्ती कोटसुखिया)। बरामदगी॰ वारदात में छीनी गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल। फरार साथियों की तलाश जारी पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस लूट में शामिल दो अन्य आरोपियों की पहचान हो चुकी है। उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है, ताकि क्षेत्र में हुई अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जा सके।

## काम ना हो तो मुझे फोन करना - ऐसे हैं तात्कालिक पद ग्रहण करने वाले कलेक्टर विकास मिश्रा

**मध्य प्रदेश शासन** ।ने प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए 2013 बैच के अनुभवी आईएएस अधिकारी विकास मिश्रा को सीधी जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया है। यह निर्णय निवर्तमान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी को हटाए जाने के तत्काल बाद सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा लिया गया है। विकास मिश्रा अपनी कार्यशैली में संवेदनशीलता और त्वरित परिणाम देने वाले अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं। विशेष रूप से डिंडोरी कलेक्टर के रूप में उनका कार्यकाल देशभर में चर्चा का विषय रहा था, जहां उनके काम करने के अंदाज ने जनता के बीच गहरी पैठ बनाई थी। उनके कार्यकाल के कुछ प्रसंग आज भी प्रशासनिक हलकों में मिसाल के तौर पर देखे जाते हैं। डिंडोरी में नर्मदा तट के निरीक्षण के दौरान जब एक निर्धन बैगा आदिवासी महिला ने सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने की व्यथा सुनाई, तो उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए महिला की हथेली पर अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर लिख दिया और आश्वासन दिया कि काम न होने पर वे सीधे उनसे संपर्क करें। इसी तरह, भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए उन्होंने एक महिला से रिश्वत मांगे जाने की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की और संबंधित अधिकारी को मौके पर ही पैसे वापस करने के सख्त निर्देश दिए थे। सीधी जिले में प्रशासनिक सुस्ती और भ्रष्टाचार की बढ़ती शिकायतों के बीच मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा स्वयं जमीनी फीडबैक लेने के बाद यह कड़ा कदम उठाया गया है। विकास मिश्रा को मंत्रालय से हटाकर सीधी की कमान सौंपना स्पष्ट करता है कि सरकार क्षेत्र में एक ऐसे जनहितैषी अधिकारी को चाहती है जो फाइलों के बजाय सीधे जनता के बीच जाकर समस्याओं का निराकरण कर सके। मुख्यमंत्री का यह फैसला अधिकारियों को जवाबदेही का कड़ा संदेश देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नियुक्ति से पूर्व विकास मिश्रा मुख्यमंत्री के अपर सचिव और आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

## भदनपुर पंचायत में सचिव की दबंगई, ऑडियो वायरल से मचा हड़कंप


**पत्रकार शुभम तिवारी ।** मैहर जनपद के ग्राम पंचायत भदनपुर दक्षिण पट्टी में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पंचायत सचिव नरेंद्र शर्मा का कथित ऑडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ऑडियो में इस्तेमाल की गई भाषा न सिर्फ अमर्यादित बताई जा रही है, बल्कि यह भी आरोप है कि सचिव सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को दबाने के बजाय शिकायतकर्ताओं से अभद्र व्यवहार कर रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में घटिया निर्माण कार्य और सरकारी राशि के हेरफेर के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे सचिव का हौसला बुलंद है। सरपंच को भी लगातार गुमराह करने के आरोप लगे हैं। अब सवाल यह है कि आखिर कब तक ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई होगी, या फिर जिम्मेदार अमला यूं ही मेहरबान बना रहेगा।

## ड्रग्स के खिलाफ जंग में फरीदकोट ने झंडे गाड़े- क्राइम रेट में 37% की बड़ी गिरावट 97% लूट के केस सॉल्व हुए

**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)।** चीफ मिनिस्टर भगवंत मान की लीडरशिप वाली सरकार की तरफ से शुरू किए गए ड्रग्स के खिलाफ जंग% कैंपेन के फरीदकोट जिले में अच्छे रिजल्ट दिखने लगे हैं। जिला पुलिस के सख्त एक्शन और टेक्नोलॉजी के कॉम्बिनेशन से फरीदकोट ड्रग्स और क्राइम के खिलाफ एक्शन में राज्य की फ्रंट लाइन में शामिल हो गया है। लेटेस्ट डेटा के मुताबिक, जिले में कुल क्राइम में 37त्न की कमी दर्ज की गई है, जबकि पुलिस ने लूट के 97त्न केस रिकवर करके बड़ी कामयाबी हासिल की है।



## ऑनलाइन बीमा प्लेटफॉर्म पर 10 में से 8 डिजिटल धोखेबाजी के शिकार



**रीवा ब्यूरो चीफ शुभम तिवारी** ऑनलाइन बीमा प्लेटफॉर्म से पॉलिसी खरीदना अब बहुत जोखिम भरा होता जा रहा है। लोकलसर्कल्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, हर 10 में से आठ ग्राहक ऑनलाइन बीमा प्लेटफॉर्म पर डार्क पैटर्न्स यानी डिजिटल धोखेबाजी का पर सब्सक्रिप्शन ट्रैप, नैगिंग, फोर्डएक्शन और बेट एंड स्विच जैसे अनुचित तरीके अपनाए जा रहे हैं। सर्वे में देश के 341 जिलों के 87 हजार से ज्यादा बीमा धारकों ने अपनी परेशानियां साझा कीं। यह खुलासा हर उस व्यक्ति के शिकार हो रहे हैं। इन प्लेटफॉर्म्स लिए बेहद अहम है, जो मोबाइल या लैपटॉप से खुद ऑनलाइन बीमा खरीदता है। रिपोर्ट बताती है कि पिछले 24 महीनों में पॉलिसी को कैंसल कराने में आने वाली दिक्कतों के मामले 61त्न से बढ़कर 80त्न हो गए हैं। कंपनियां ग्राहकों को सस्ते का लालच देकर फंसाती हैं और उनकी निजी जानकारी का गलत इस्तेमाल कर रही हैं। मनमानीः 90त्न ग्राहकों को झेलने पड़ रहे अनचाहे कॉल्स, पुश नोटिफिकेशन ऑनलाइन बीमा कंपनियां ग्राहकों को लगातार परेशान कर रही हैं। कंपनियां बार-बार कॉल, रिमाइंडर और पुश नोटिफिकेशन भेजती हैं। पिछले दो साल में ऐसे परेशान करने वाले मामले 86त्न से बढ़कर 90त्न पर पहुंच गए। जालसाजी- 85त्न यूजर्स का निजी डेटा बिना सहमति हो रहा है इस्तेमाल बीमा बेचने वाली साइट्स ग्राहकों से जबरन डेटा मांगती हैं। इस कारण कई बार लोगों के निजी डेटा का खुलेआम दुरुपयोग होता है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो साल में ग्राहकों के साथ हुई इस तरह की धोखाधड़ी के मामले 57त्न से तेजी से उछलकर 85त्न पर पहुंच गए। धोखाधड़ीः 82त्न यूजर्स ने कहा शुरुआत में कम कीमत दिखा आकर्षित करते हैं 82त्न ने कहा कि ऑनलाइन बीमा प्लेटफॉर्म शुरुआत में कम कीमत दिखाकर ग्राहकों को आकर्षित करते हैं। और पॉलिसी खरीदते या रिन्यू कराते वक्त ज्यादा कीमत और शर्तें लगाते हैं, इनमें छिपे शुल्क भी शामिल हैं।

## पसान में श्रीराम कथा का आठवां दिन- मंत्री दिलीप जायसवाल व एसईसीएल जीएम पहुंचे, भक्ति में सराबोर हुआ पंडाल



**अनूपपुर। यस न्यूज ब्यूरो दिगम्बर शर्मा** रामनवमी के पावन अवसर पर पसान में आयोजित 10 दिवसीय भव्य श्रीराम कथा एवं शतचंडी महायज्ञ में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। आठवें दिन कथा स्थल पर भक्ति, भाव और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल तथा एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी विशेष रूप से कथा श्रवण हेतु पहुंचे और आयोजन की सराहना की। अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता राजीव लोचन शास्त्री ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन का संदेश दिया। सातवें दिन राम वनवास और भरत मिलाप के मार्मिक प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रीराम द्वारा पिता के वचन की रक्षा हेतु राजपाट त्यागने की कथा ने त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। भरत मिलाप का प्रसंग सुनाते समय पूरा पंडाल भावनाओं से सराबोर हो उठा। जैसे ही भरत द्वारा श्रीराम से अयोध्या लौटने का आग्रह और उनका चरणस्पर्श वर्णित हुआ, श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और ÷जय श्रीराम÷ के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। आठवें दिन मां शबरी प्रसंग और राम-हनुमान मिलन का वर्णन भी अत्यंत भावपूर्ण रहा। इन प्रसंगों ने श्रद्धालुओं के मन में भक्ति, समर्पण और श्रद्धा की भावना को और प्रगाढ़ कर दिया। इस अवसर पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संस्कार, नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। वहीं एसईसीएल महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने आयोजन को क्षेत्र की सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति पर पंडाल तालियों की गूंज से भर उठा। इस भव्य आयोजन के सफल संचालन में आयोजक आशीष मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। आयोजन समिति के सदस्य भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगातार सक्रिय हैं। पसान में चल रहा यह धार्मिक आयोजन न केवल आस्था का केंद्र बना हुआ है, बल्कि पूरे क्षेत्र में भक्ति, सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक जागरण का संदेश भी दे रहा है।

## नाबालिग से दुष्कर्म एवं उसकी अश्लील वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल करने वाले को पुलिस ने पकड़ा



**अनूपपुर। यस न्यूज ब्यूरो दिगम्बर शर्मा** 24 मार्च 2026 को एक नाबालिग पीड़िता अपने पिता एवं बहन के साथ थाना उपस्थित होकर एक हस्तलिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट किया कि एक व्यक्ति द्वारा उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाकर उसका अश्लील वीडियो तैयार किया ।तथा पुनः संबंध बनाने और शादी का दबाव बनाने लगा । नाबालिग पीड़िता द्वारा इनकार करने पर उसकी इंस्टाग्राम आईडी पासवर्ड प्राप्त कर उक्त अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर ब्लैकमेल तथा अन्य लोगों को भेजकर उसे बदनाम किया जिस पर जैतहरी पुलिस ने उक्त व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण नाबालिग बालिका से जुड़ा होने से पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल कार्यवाही एवं आरोपी की धर पकड़ हेतु सख्त निर्देश दिए जिसके पालन में जिसपर पुलिस की विशेष टीम द्वारा विवेचना के दौरान आरोपी की पता तलाश कर उसे पुलिस हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि पीड़िता के मिलने एवं शादी से इंकार करने पर पीड़िता की अश्लील वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल किया नहीं मनमाने पर उसकी वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड कर बदनाम किया है जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी दीपक कोल को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल उसे जिला जेल अनूपपुर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में योगदान में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनूपपुर के मार्गदर्शन में थाना जैतहरी के थाना प्रभारी निरीक्षक अमर वर्मा, उपनिरीक्षक अमरलाल यादव, सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कुमार कोरी, सउनि विनोद विश्वकर्मा , प्र आर 35 राजकुमार , प्र आर 94 विजयानंद पाण्डेय ,म.प्र.आर. 113 संतोषी धुर्वे, आरक्षक 312 मनीष सिंह तोमर एवं आरक्षक 229 रामेश्वर शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## चंडीगढ़ नगर निगम का बड़ा फैसला-अब श्मशान और कब्रिस्तानों के पानी-बिजली का बिल भरेगा प्रशासन

**चंडीगढ़ (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** शहर के सभी धर्मों के श्मशान घाटों और कब्रिस्तानों के रख-रखाव और जनसुविधाओं को लेकर नगर निगम ने एक ऐतिहासिक कदम की ओर कदम बढ़ाया है। इसी कड़ी में नगर निगम पार्षद श्री अनिल मसीह के नेतृत्व में क्राइस्ट चर्च (सेक्टर 18) और कैथोलिक चर्च (सेक्टर 19) के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त श्री हिमांशु गुप्ता से मुलाकात की।

**भारी भरकम बिल से मिलेगी मुक्ति**

प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त आयुक्त के समक्ष सेक्टर 25 स्थित क्रिश्चियन कब्रिस्तान के ?6,14,874 के बकाया पानी के बिल को माफ करने का औपचारिक अनुरोध किया। इसके साथ ही यह मांग भी रखी गई कि भविष्य में कब्रिस्तान के लिए पानी और बिजली का कोई भी बिल जारी न किया जाए, ताकि धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं पर आर्थिक बोझ न पड़े।

**सदन में पहले ही पारित हो चुका है प्रस्ताव**

पार्षद अनिल मसीह ने बैठक के दौरान याद दिलाया कि यह मुद्दा उन्होंने पहले ही नगर निगम की हाउस मीटिंग में प्रमुखता से उठाया था। नवंबर 2023 की बैठक में यह प्रस्ताव आधिकारिक तौर पर पारित और दर्ज किया गया था कि चंडीगढ़ के सभी धर्मों के श्मशान और कब्रिस्तानों के पानी व बिजली के खर्च का वहन नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा किया जाएगा।

**इन सदस्यों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

इस महत्वपूर्ण बैठक और प्रयास में मसीह समाज के कई प्रमुख व्यक्तियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्यों में शामिल थे । रेव. राजन शारदा (प्रीस्बिटर-इन-चार्ज), ग्लैडविन हार्डी, आईजैक नायर, सैमुअल शफीक, राजीव मसीह, टोनी व पार्षद अनिल मसीह इन सभी सदस्यों का इस नेक कार्य और समुदाय के हित में निरंतर सहयोग देने के लिए हार्दिक धन्यवाद किया है। ÷यह केवल मसीह समाज की जीत नहीं है, बल्कि शहर के हर उस वर्ग की जीत है जो अपने परिजनों के अंतिम संस्कार स्थलों की सेवा में जुटा है। निगम के इस फैसले से अब सभी धर्मों के श्मशान घाटों और कब्रिस्तानों को आर्थिक राहत मिलेगी÷- श्री अनिल मसीह, नगर निगम पार्षद। इस निर्णय से न केवल सेक्टर 18 और 19 के चर्चों से जुड़े लोगों को लाभ होगा, बल्कि पूरे शहर के धार्मिक और सामाजिक ढांचे को मजबूती मिलेगी।



## केदारनाथ यात्रा 2026-सुगम और सुरक्षित सफर के लिए एसपी रुद्रप्रयाग की बड़ी पहल

आज पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग सुश्री नीहारिका तोमर की अध्यक्षता में गुप्तकाशी में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक संपन्न हुई। आगामी यात्रा सीजन को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संगठनों के साथ मिलकर सुरक्षा व यातायात के पुख्ता इंतजामों पर चर्चा की गई। बैठक के मुख्य बिंदु- विश्वनाथ मंदिर क्षेत्र होगा %ह्ठ्ठद्ग-ङ्खड्ड4%- जाम से मुक्ति दिलाने के लिए मंदिर क्षेत्र को वन-वे करने पर सहमति बनी है। व्यवस्थित टैक्सी संचालन- अब बाजार में टैक्सियों का जमावड़ा नहीं लगेगा। टैक्सी स्टैंड शहर से बाहर होगा और गाड़ियाँ रोटेशन के आधार पर ही पॉइंट पर आएंगी। ? नशे और अवैध परिवहन पर सख्ती- क्षेत्र की मर्यादा बनाए रखने के लिए शराब व मीट के अवैध परिवहन की सूचना



पुलिस को देने की अपील की गई है। ? यातायात डायवर्जन- स्थानीय लोगों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सामान्यतः रूट डायवर्ट नहीं होगा, लेकिन अत्यधिक भीड़ की स्थिति में सुरक्षा हेतु निर्णय लिया जा सकता है। ??? सावधान! हेली टिकट ठगी से बचें- एसपी रुद्रप्रयाग ने साइबर ठगी और फर्जी हेलीकॉप्टर टिकट वेबसाइटों के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि केवल आधिकारिक वेबसाइट का ही प्रयोग करें। ?बैठक में पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विकास पुंडीर, एसएचओ राकेश कुमार, यातायात निरीक्षक कैलाश चन्द्र शर्मा सहित स्थानीय व्यापार मंडल और मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## पुष्पेंद्र गौतम का धमकी भरा ऑडियो वायरल- बचा सको तो बचा लो शिखा को

**संभागीय ब्यूरो की रेखा शर्मा ।** एक हंसती-खेलती जिंदगी, सात फेरों के सात वचन और फिर चंद महीनों में मौत का मातम। शिखा की आत्महत्या ने कई सवाल खड़े किए थे, लेकिन अब जो वायरल ऑडियो सामने आया है, उसने पूरे मामले में आग लगा दी है। निज सहायक पुष्पेंद्र गौतम का एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो शिखा के पति विकास पांडे को खुलेआम धमकी दे रहा है। वो कह रहा है- %बचा लो%, %रिकॉर्ड कर लो%, %पुलिस के पास चले जाओ%। आखिर ये आत्मविश्वास कहां से आ रहा है? आज हम इसी वायरल ऑडियो की परतें खोलेंगे। ÷बचा सको तो बचा लो÷ ये शब्द किसी फिल्म के विलेन के नहीं, बल्कि उस पुष्पेंद्र गौतम के बताए जा रहे हैं, जिस पर अब उंगलियां उठनी शुरू हो गई हैं। शिखा की मौत के बाद एक के बाद एक दो ऑडियो क्लिप्स ने पुलिस की तफ्तीश पर सवालिया निशान लगा दिया है। वायरल ऑडियो में सुना जा सकता है कि कैसे पुष्पेंद्र, शिखा के पति विकास पाण्डेय को धमका रहा है। वो न सिर्फ बदतमीजी कर रहा है, बल्कि उसे पुलिस और कानून का डर तक नहीं है। सवाल ये है कि आखिर एक बाहरी शख्स, एक नवविवाहिता के परिवार में इतनी दखल अंदाजी क्यों कर रहा था? क्यों वो बार-बार फोन करके विकास को उकसा रहा था?

## रीवा पोस्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी- ई-मेल मिलते ही अलर्ट हुआ प्रशासन, पुलिस-बम स्क्वॉड ने खंगाला

**रीवा ब्यूरो चीफ शुभम तिवारी रीवा** के मुख्य डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को शहर में हड़कंप मच गया। पोस्ट ऑफिस को भेजे गए एक धमकी भरे ई-मेल के बाद कर्मचारियों और अधिकारियों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि पोस्ट ऑफिस को मिले ई-मेल में बम से उड़ाने की बात कही गई थी। जैसे ही यह जानकारी सामने आई, वहां मौजूद कर्मचारियों में दहशत फैल गई और बिना देरी किए अमहिया थाना पुलिस को सूचित किया गया। कई घंटों तक चली सर्चिंग के बावजूद कोई संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला। सर्चिंग में कुछ नहीं मिलने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली, हालांकि एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था को कुछ समय तक कड़ा रखा गया। शेयर पोस्ट ऑफिस रीवा। पहले भी मिल चुकी हैं ऐसी धमकियां फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि धमकी भरा ई-मेल कहां से भेजा गया। इसके लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है और तकनीकी आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। जानकारी के अनुसार, इससे पहले भी रीवा जिला न्यायालय को इसी तरह की धमकी मिल चुकी है, जो जांच में फर्जी साबित हुई थी। ऐसे में पुलिस इस मामले को भी हर एंगल से जांच रही है।

**भोपाल से मेल पर दी गई है सूचना**

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल से प्राप्त एक ई-मेल के अनुसार पोस्ट ऑफिस या पासपोर्ट ऑफिस पर हमले की आशंका जताई गई है। ई-मेल में चेतावनी दी गई है कि आज दोपहर 12-10 बजे किसी कार्यालय को सायनाइड गैस बम या आरडीएक्स विस्फोटक से निशाना बनाया जा सकता है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित कार्यालयों को तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी क्क्क्कस् और पोस्ट ऑफिस में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कहा गया है। परिसर में संदिग्ध वस्तुओं या गतिविधियों पर विशेष नजर रखने और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत पुलिस को जानकारी देने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह मेल मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय, मध्य प्रदेश सर्कल, भोपाल द्वारा जारी किया गया है, जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों से सतर्कता और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

**पुलिस और बम स्क्वॉड की कार्रवाई**

सूचना मिलते ही अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हालात की गंभीरता को देखते हुए बम स्क्वॉड को भी बुलाया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरे परिसर को घेर लिया और सर्चिंग अभियान शुरू किया। बम स्क्वॉड और पुलिस टीम ने पोस्ट ऑफिस के हर हिस्से-कमरों, काउंटर, स्टोर और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की। करीब कई घंटों तक चली सर्चिंग के बावजूद कोई संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला। सर्चिंग में कुछ नहीं मिलने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली, हालांकि एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था को कुछ समय तक कड़ा रखा गया।

**पहले भी मिल चुकी हैं ऐसी धमकियां**

फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि धमकी भरा ई-मेल कहां से भेजा गया। इसके लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है और तकनीकी आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। जानकारी के अनुसार, इससे पहले भी रीवा जिला न्यायालय को इसी तरह की धमकी मिल चुकी है, जो जांच में फर्जी साबित हुई थी। ऐसे में




पुलिस इस मामले को भी हर एंगल से जांच रही है।

**पोस्ट मास्टर ने बढ़ाई सुरक्षा की मांग**

पोस्ट मास्टर डॉ. लालजी गौतम ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में लगातार गश्त और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से निपटा जा सके। अफवाह न फैलाए अफवाहो से सावधान मीडिया जनहित में जारी ।

## चंडीगढ़ नगर निगम का बड़ा फैसला-अब श्मशान और कब्रिस्तानों के पानी-बिजली का बिल भरेगा प्रशासन

**चंडीगढ़ (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** शहर के सभी धर्मों के श्मशान घाटों और कब्रिस्तानों के रख-रखाव और जनसुविधाओं को लेकर नगर निगम ने एक ऐतिहासिक कदम की ओर कदम बढ़ाया है।



इसी कड़ी में नगर निगम पार्षद श्री अनिल मसीह के नेतृत्व में क्राइस्ट चर्च (सेक्टर 18) और कैथोलिक चर्च (सेक्टर 19) के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त श्री हिमांशु गुप्ता से मुलाकात की। भारी भरकम बिल से मिलेगी मुक्ति- प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त आयुक्त के समक्ष सेक्टर 25 स्थित क्रिश्चियन कब्रिस्तान के ?6,14,874 के बकाया पानी के बिल को माफ करने का औपचारिक अनुरोध किया। इसके साथ ही यह मांग भी रखी गई कि भविष्य में कब्रिस्तान के लिए पानी और बिजली का कोई भी बिल जारी न किया जाए, ताकि धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं पर आर्थिक बोझ न पड़े। सदन में पहले ही पारित हो चुका है प्रस्ताव- पार्षद अनिल मसीह ने बैठक के दौरान याद दिलाया कि यह मुद्दा उन्होंने पहले ही नगर निगम की हाउस मीटिंग में प्रमुखता से उठाया था। नवंबर 2023 की बैठक में यह प्रस्ताव आधिकारिक तौर पर पारित और दर्ज किया गया था कि चंडीगढ़ के सभी धर्मों के श्मशान और कब्रिस्तानों के पानी व बिजली के खर्च का वहन नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा किया जाएगा। इन सदस्यों की रही गरिमामयी उपस्थिति- इस महत्वपूर्ण बैठक और प्रयास में मसीह समाज के कई प्रमुख व्यक्तियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्यों में शामिल थे-- रेव. राजन शारदा (प्रीस्बिटर-इन-चार्ज), ग्लैडविन हार्डी, आईजैक नायर, सैमुअल शफीक, राजीव मसीह, टोनी व पार्षद अनिल मसीह इन सभी सदस्यों का इस नेक कार्य और समुदाय के हित में निरंतर सहयोग देने के लिए हार्दिक धन्यवाद किया है।

## स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर नगर पालिका की सख्त कार्रवाई





**शहडोल 26 मार्च 2026-** नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण करते हुए स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। चौपाटी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानदारों को गंदगी फैलाते हुए पाए जाने पर नगर पालिका की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 1000 का जुर्माना अधिरोपित किया। साथ ही, प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग पर संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा कचरे का निपटान केवल निर्धारित कचरा वाहनों के माध्यम से ही करें। नियमों की अनदेखी करने पर भविष्य में और कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इसी क्रम में बुढार चौक क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान दो दुकानदारों के पास से कुल 5.3 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई। इस उल्लंघन पर संबंधित दुकानदारों से 1000 का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार स्वच्छता नियमों के उल्लंघन एवं पॉलिथीन प्रतिबंध के मामलों में कुल 2000 की राशि वसूल की गई। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में स्वच्छता नियमों एवं पॉलिथीन प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाएगा और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें, डस्टबिन का उपयोग करें तथा प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णतः बंद करें।

## फरीदकोट में पेट्रोल और डीज़ल की कोई कमी नहीं -अफवाहों से बचने की अपील- डिप्टी कमिश्नर

**फरीदकोट, 27 मार्च (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)**-ज़िले में पेट्रोल और डीज़ल की सप्लाई को लेकर फैली अफवाहों पर रोक लगाते हुए डिप्टी कमिश्नर मैडम पूनमदीप कौर ने साफ़ किया है कि ज़िले में तेल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने आज फ़ूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट और अलग-अलग तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ एक ज़रूरी मीटिंग की और सप्लाई लाइन का रिव्यू किया।



**मीटिंग में अधिकारियों की भागीदारी**

मीटिंग के दौरान, डिस्ट्रिक्ट फूड एंड सप्लाई कंट्रोलर (ष्ठस्नस्ष्ट) एस. गुरजीत सिंह देओल समेत बड़ी तेल कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे, जिनमें शामिल हैं-- इंडियन ऑयल- श्री तेजिंदर सिंह, भारत पेट्रोलियम- श्री शमशेर सिंह, हिंदुस्तान पेट्रोलियम- श्री कृष्ण मुरारी, रिलायंस कंपनी- श्री सुमित, कंपनियों ने स्थिति स्पष्ट की- तेल कंपनियों के अधिकारियों ने डिप्टी कमिश्नर को भरोसा दिलाया कि उनके पास तेल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अफवाहों के कारण लोगों ने अचानक बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू कर दिया था, जिसके कारण कुछ पंपों पर कुछ समय के लिए तेल खत्म हो गया था। हालांकि, तुरंत टैंकर भेजकर सप्लाई बहाल कर दी गई और अब स्थिति पूरी तरह से सामान्य है। प्रशासन की कड़ी चेतावनी- डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी पेट्रोल पंप को %सूखा% नहीं होने दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति या पंप मालिक तेल की जमाखोरी या कालाबाजारी करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गैर-ज़रूरी खरीदारी से बचने की सलाह- एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (त्र) श्री संदीप मल्होत्रा ??ने ज़िले के लोगों से यह भी अपील की कि वे घबराएं नहीं और बिना ज़रूरत के पेट्रोल, डीज़ल या एलपीजी सिलेंडर न खरीदें। उन्होंने लोगों को चेतावनी दी कि अगर कोई ब्लैक मार्केटिंग करता है, तो तुरंत प्रशासन को बताएं।

# मंत्री दिलीप जायसवाल ने मरखी देवी मंदिर परिसर के लिए अनुमानित 25 लाख रुपये का मंगल भवन बनाये जाने की आश्वासन, तथा दस हजार एक सौ रुपए का नगद सहयोग प्रदान किया





**शहडोल 26 मार्च 2026 यस न्यूज प्रतिनिधि चेतराम शर्मा ।** मध्य प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग के राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल जी आदि शक्ति मरखी देवी धूमावती मंदिर जमुनिहाँ, केशवाही जिला शहडोल मे श्री राम नवमी के पावन बेला पर समिति के द्वारा श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें मंत्री जी का आगमन शाम को हुआ। मंत्री जी का मंदिर आगमन पर मुख्य द्वार में डॉ. ओ. एन. त्रिपाठी के द्वारा मंत्री जी को गुलदस्ता भेंट कर प्रथम स्वागत किया गया।मंत्री जी मरखी देवी धूमावती मंदिर में माता जी का दर्शन कर प्रणाम किया, इसी तरह शिव मंदिर में शिव जी का, भैरों बाबा जी का, काली मन्दिर में काली जी की दर्शन लाभ लिये। आयोजन समिति के अध्यक्ष आनंद मिश्रा के द्वारा मंत्री जी को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मंत्री जी को ससम्मान कथा मंच में भाजपा के सदस्यों के साथ लाया गया जहाँ कथा व्यास साध्वी कृष्णा बृजेश्वरी जी को मंत्री जी श्री फल भेंट कर व्यास जी का स्वागत किया और व्यास जी से आशीर्वाद प्राप्त किये। मंत्री जी के साथ पधारे सभी पदाधिकारी एवं नगर पालिका कोतमा के अध्यक्ष जी का सम्मान व्यास जी के द्वारा किया गया।मरखी देवी धूमावती मंदिर के आचार्य तीरथ प्रसाद शुक्ल के द्वारा मंत्री जी से इस परिसर में पधारने का धन्यवाद किया और इस परिसर में एक मंगल भवन बनाये जाने की मांग समिति के सहमति से की गई। मंत्री दिलीप जायसवाल जी अपने सारगर्भित उद्बोधन मे माता जी को प्रणाम कर व्यास जी को प्रणाम किया तथा श्री राम नवमी के पवित्र त्योहार और हिंदू नव वर्ष की सभी को शुभ कामनाएं दी। इस परिसर के लिए एक मंगल भवन लगभग 25 लाख रुपये की देने का आश्वासन दिया गया और श्री मद भागवत कथा आयोजन में दस हजार एक सौ रुपये का सहयोग दिया गया। इस घोषणा पर कथा सुन रहे आम जनता तथा समिति के सभी सदस्यों के द्वारा ताली बजाकर मंत्री जी का स्वागत किया। मंत्री जी को अध्यात्म धर्मशाला में समिति के द्वारा जलपान कराया गया। केशवाही मण्डल के मण्डल अध्यक्ष शिवम ( प्रिंस ) त्रिपाठी डॉ. ओ. एन. त्रिपाठी,आनंद मिश्रा, भाजपा के गुलजार सिंह, शिव प्रसाद तिवारी , मनोज गौतम,विनोद तिवारी, हरी सिंह, पारष मणि सिंह, चंद्रभान यादव, दिनेश साहू, सुरेश साहू, रघुनंदन जायसवाल, अजय शर्मा, टी.पी.मिश्रा अर्जुन सिंह , धनराज शुक्ला, प्रदीप समदरिया, शंभू सिंह, बद्री सिंह आदि समिति के सभी सदस्य, भाजपा के सभी क्षेत्रीय सदस्यों की उपस्थिति रही है।

## 22 विभागों की 97 सेवाओं से 1.46 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त

### संकल्प से समाधान अभियान में मुरैना प्रदेश में तीसरे स्थान पर



**मुरैना ।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ÷संकल्प से समाधान अभियान में मुरैना जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ ने टाउनहॉल मुरैना में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बताया कि 12 जनवरी से 26 मार्च 2026 तक चले इस अभियान के दौरान जिले में 22 विभागों द्वारा 97 सेवाओं के अंतर्गत कुल 1,46,087 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1,43,900 आवेदनों का निराकरण किया गया, जबकि 1,178 आवेदन अस्वीकृत हुए।कलेक्टर ने बताया कि यह उपलब्धि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों और शिविरों के माध्यम से किए गए प्रभावी कार्य का परिणाम है। अभियान के दौरान लगभग डेढ़ लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम स्वनिधि योजना, भवन निर्माण अनुज्ञा, नल-जल योजना, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, मातृत्व वंदना, लाड़ली लक्ष्मी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के बड़ी संख्या में आवेदन शामिल रहे।इसके साथ ही खसरा-खतौनी प्रतिलिपि, चालू नक्शे, पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, आयुष्मान भारत, श्रमिक पंजीयन एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं में भी व्यापक स्तर पर कार्यवाही कर अधिकांश आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, आयुक्त नगर निगम श्री सत्येन्द्र धाकरे, एसडीएम मुरैना श्री बी.एस. कुशवाह, एसडीएम अंबाह श्री रामनिवास सिकरवार सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री श्याम सिंह सिकरवार ने किया

## फरीदकोट–मेडिकल कॉलेज में वेंटिलेटर की कमी से पूर्व पुलिस कर्मी की मौत

### वीसी ने दिए 48 घंटे में उच्च स्तरीय जांच के आदेश

**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** स्थानीय गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है, जहाँ लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे एक मरीज ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना ने जहाँ एक ओर परिवार को गहरा सदमा दिया है, वहीं अस्पताल प्रशासन ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए हैं। क्या है पूरा मामला? मृतक के रिश्तेदार कश्मीर सिंह ने बताया कि उनके परिजन, जो 6 महीने पहले ही पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे, लिवर की क्रोनिक बीमारी के कारण अस्पताल में उपचाराधीन थे। कल तबीयत बिगड़ने पर उन्हें इमरजेंसी में लाया गया। परिजनों का आरोप है कि उन्हें समय पर वेंटिलेटर नहीं मिला और एहतियात के तौर पर डॉक्टरों ने उन्हें %एंबू-बैग% (हाथ से सांस देने वाला उपकरण) थमा दिया। परिजनों का कहना है कि यदि आधुनिक मशीनरी उपलब्ध होती, तो शायद जान बचाई जा सकती थी।अस्पताल प्रशासन का पक्ष और तत्परता÷घटना की सूचना मिलते ही बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के वाइस चांसलर डॉ. राजीव सूद ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि डॉक्टरों ने मरीज की जान बचाने के लिए हर संभव तकनीकी प्रयास किए।मशीनी खराबी-डॉक्टर सूद के अनुसार, मरीज जिस बेड पर थे, उसका वेंटिलेटर अचानक तकनीकी खराबी का शिकार हो गया। ऐसी आपात स्थिति में मरीज को ऑक्सीजन की कमी से बचाने के लिए डॉक्टरों ने तुरंत %एंबू-बैग% का सहारा लिया।सुविधाओं में विस्तार-वीसी ने बताया कि इमरजेंसी में पहले केवल 2 वेंटिलेटर थे, जिन्हें बढ़ाकर 5 किया गया था। इस घटना के बाद तुरंत 2 अतिरिक्त वेंटिलेटर स्टैंडबाय पर रख दिए गए हैं ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।जांच कमेटी का गठन÷वीसी ने कहा कि मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. नीतू कुक्कड़ के साथ विचार-विमर्श के बाद एक विशेष जांच टीम गठित कर दी गई है। यह टीम 48 घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मशीनरी में खराबी क्यों आई और ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ की क्या भूमिका थी।÷हम परिवार के दुख में शामिल हैं। संस्थान का लक्ष्य हर जान को बचाना है। यदि इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई, तो उचित कार्रवाई की जाएगी÷—डॉ. राजीव सूद, वाइस चांसलर।न्यूज़-28-4,फोटो कैप्शन-गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज के एमरजेंसी का मुख्य द्वार।




## ऑटो चालकों की लापरवाही से बढ़ रही दुर्घटनाएं, प्रशासन पर उठे सवाल



**पत्रकार कल्पना तिवारी रीवा/।** शहर में ऑटो चालकों की बढ़ती लापरवाही अब आम लोगों की जान के लिए खतरा बनती जा रही है। तेज रफ्तार, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी और ओवरलोडिंग जैसी समस्याओं के कारण रोजाना छोटे-बड़े हादसे सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई ऑटो चालक बिना लाइसेंस या उचित प्रशिक्षण के सड़कों पर वाहन चला रहे हैं, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है।विशेष रूप से स्कूल और ऑफिस समय में ऑटो चालकों द्वारा क्षमता से अधिक सवारियां बैठाना आम बात हो गई है। इससे न केवल यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है, बल्कि सड़क पर अन्य वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऑटो चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, नियमित जांच अभियान चलाए जाएं और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, चालकों के लिए जागरूकता अभियान चलाने की भी आवश्यकता बताई जा रही है।हालांकि, प्रशासन का कहना है कि समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन लोगों का मानना है कि यह प्रयास नाकाफी हैं। अगर जल्द ही सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में हादसों की संख्या और बढ़ सकती है।


## पीएनजी गैस कनेक्शन के हैं अनेकों लाभ

### कलेक्टर की रसोई में पहुंची पीएनजी कनेक्शन

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा कलेक्टर निवास में पीएनजी कनेक्शन लगवाया गया जिससे अब एल.पी.जी. गैस से छुटकारा मिलेगी।कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे घरेलू एवं व्यावसायिक उपयोग के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (सिटी गैस) को अपनाएं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक लगभग 5600 पीएनजी कनेक्शन इंस्टॉलेशन किए जा चुके हैं, जिनमें से 1000 से अधिक उपभोक्ता नियमित रूप से पीएनजी गैस का उपयोग कर रहे हैं। इससे पीएनजी गैस की उपयोगिता और विश्वसनीयता तेजी से बढ़ रही है। पीएनजी गैस का उत्पादन जिले में ही हो रहा है। जिससे गैस की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहेगी। रिलायंश गैस इंडस्ट्री से गैस लेकर विभिन्न कंपनियां पीएनजी कनेक्शन दे रही हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि पीएनजी गैस पूरी तरह सुरक्षित, सुविधाजनक एवं पर्यावरण के अनुकूल है। इसमें सीधे रसोई तक 24 घंटे गैस की आपूर्ति बनी रहती है, जिससे सिलेंडर बुकिंग और गैस मंगाने की जरूरत नहीं पड़ती। पीएनजी गैस, एलपीजी की तुलना में लगभग 30 से 40 प्रतिशत तक सस्ती है तथा उपभोक्ताओं को मासिक बिल की सुविधा भी मिलती है। पीएनजी गैस के लिए जिले में 09 सर्विस स्टेशन बनाए गए हैं। शहडोल शहर में 03, ब्यौहारी मे 02, बुढ़ार, दियापीपर, बटुरा एवं जयसिंहनगर में 01-01 सर्विस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। पीएनजी गैस का व्यायसायिक उपयोग भी किया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि पीएनजी गैस कनेक्शन लेकर एलपीजी गैस कनेक्शन में नंबर लगाने, सिलेण्डर लेने तथा बीच मे ही गैस खतम होने जैसे निर्भरतायें शून्य हो जाती है। शहडोल शहर ऐसे सभी पीएनजी उपभोक्ता जिनके घरो और प्रतिष्ठानों में पीएनजी (सिटी) गैस की पाइप लाइने पहुंच गई है वे शीघ्र इनका कनेक्शन प्राप्त कर सकते है। पीएनजी गैस के इच्छुक परिवार और प्रतिष्ठान भी नए कनेक्शन (स्टॉलेशन) के लिए भी आवेदन कर सकते है

## सिंगरौली दौरे पर रहेंगी प्रदेश कांग्रेस महासचिव कविता पांडेय, दो दिवसीय कार्यक्रम जारी

### बैठक, सम्मान समारोह और धरना-घेराव में लेंगी हिस्सा, संगठन को मजबूत करने पर रहेगा फोकस



**सिंगरौली ब्यूरो सूरज सिंह ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस की प्रदेश महासचिव एवं जिला कांग्रेस सिंगरौली प्रभारी कविता पांडेय का 30 एवं 31 मार्च 2026 को सिंगरौली जिले का दो दिवसीय दौरा प्रस्तावित है। जारी कार्यक्रम के अनुसार वे जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित बैठकों, सम्मेलनों और संगठनात्मक गतिविधियों में भाग लेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 मार्च को प्रातः 9-30 बजे उनका सिंगरौली आगमन होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे बरगवां में नगर परिषद के वार्ड अध्यक्षों एवं ब्लॉक अंतर्गत पंचायत कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगी। वहीं प्रातः 11 बजे खुटार में पंचायत कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संगठन विस्तार और जमीनी स्तर पर मजबूती को लेकर चर्चा होगी। दोपहर 12 बजे वे बैढ़न स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी। इसके पश्चात दोपहर 2-30 बजे जिला समन्वय समिति की बैठक में संगठनात्मक रणनीति पर मंथन किया जाएगा। इसी क्रम में दोपहर 3 बजे बैढ़न स्थित बिजली विभाग कार्यालय में किसान कांग्रेस द्वारा आयोजित धरना-घेराव कार्यक्रम में भी वे शामिल होंगी, जहां किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। रात्रि विश्राम सिंगरौली में ही रहेगा।31 मार्च को प्रातः 10 बजे बैढ़न में मोरवा, नवानगर, सरई एवं हिर्रवाह ब्लॉक के वार्ड एवं पंचायत अध्यक्षों की अलग-अलग बैठकों में भाग लेंगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय बैढ़न में फ्रंटल संगठनों, प्रकोष्ठों एवं विभागों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी।जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली द्वारा इस दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। दौरे को संगठन सुदृढ़ीकरण एवं आगामी रणनीति निर्धारण के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## त्यौंथर नगर में निकली भव्य शोभा यात्रा



**संभागीय ब्यूरो रेखा शर्मा ।** शोभा यात्रा में भारी संख्या में नगर के लोग उपस्थित रहे आए हुए राम भक्तों का श्री भैरव नाथ रामलीला मंडली एवं व्यापार मंडल की ओर से बहुत बहुत धन्यवाद शोभा यात्रा को सफल बनाने में पूरे नगर का सहयोग रहा अतः हमारे श्री भैरव नाथ रामलीला मंडली के अध्यक्ष अधिवक्ता अविनाश सिंह परिहार जी ने सभी सज्जनों को बधाई दी एवं धन्यवाद किए मुख्य रूप से उपस्थित नगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि - विद्यासागर शुक्ला जी मंच संचालन में रजनीश पांडे, जी व्यवस्था में विकाश सोनी, शिव नरेश गुप्ता, जी श्रीमन नारायण शिवा शुक्ला, प्रदीप सिंह, सुशील चंद्र शुक्ला, विनय गुप्ता , रावेंद्र सिंह, रज्जन दुबे, सुभाष दुबे, लौकुश गुप्ता , संदीप गुप्ता, पवन समदड़िया पवन तिवारी , रोहित सोनी , राकेश जैशवाल , मणि कान्त श्रीवास्तव, एवं नगर के और भी बहुत से साथियों ने सहयोग किया गया।

## फरीदकोट को मिली 3 नए आम आदमी क्लीनिक की सौगात





**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)।** पंजाब सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के अभियान के तहत आज फरीदकोट विधानसभा क्षेत्र में 3 नए आम आदमी क्लीनिक की शुरुआत की गई। राज्य भर में एक साथ खोले गए 109 नए क्लीनिकों के वर्चुअल उद्घाटन समारोह में फरीदकोट के विधायक एस. गुरदित सिंह सेखों विशेष रूप से शामिल हुए।

**इन इलाकों को मिलेगा सीधा लाभ-** विधायक सेखों ने बताया कि इन नए क्लीनिकों के खुलने से शहर के कई घनी आबादी वाले क्षेत्रों को सीधा फायदा होगा। मुख्य रूप से निम्नलिखित इलाकों के निवासियों को अब दूर के अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगेडोगर बस्ती, गुरु तेग बहादुर नगर, बराड़ एन्क्लेव, साईं कालेव, कक्कड़ कॉलोनी।स्वास्थ्य क्रांति- 3 करोड़ से ज्यादा लोग उठा चुके हैं लाभसमारोह को संबोधित करते हुए विधायक स. सेखों ने कहा कि इन क्लीनिकों में मरीजों को मुफ्त इलाज, मुफ्त टेस्ट और मुफ्त दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण आंकड़े और आगामी लक्ष्य भी साझा किए- कुल क्लिनिक पंजाब-लगभग 990.कुल लाभार्थी (पिछला वर्ष)-3 करोड़ से अधिक मरीज़।आगामी लक्ष्य-बैसाखी तक और नए क्लीनिकों की शुरुआत।पंजाब सरकार का लक्ष्य हर गांव और हर घर तक बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। आम आदमी क्लीनिक इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहे हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली है÷ विधायक स. गुरदित सिंह सेखों।

**कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति**

इस उद्घाटन के अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन स. अमनदीप सिंह बाबा, स. अमरजीत सिंह परमार, सरबजीत कौर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव बताया।

## शहीदों की याद में फरीदकोट के सरकारी कॉलेज में लगा 5वां रक्तदान कैंप, 40 यूनिट रक्त एकत्रित



**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)।** देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस को समर्पित 5वां विशाल रक्तदान कैंप देश भगत पंडित चेतन देव गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, फरीदकोट में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. राजेश मोहन की देखरेख में आयोजित इस कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. पूजा भल्ला (प्रिंसिपल, शहीद भगत सिंह गवर्नमेंट कॉलेज, कोटकपूरा) ने किया।विभिन्न संस्थाओं ने मिलाया हाथकैंप कोऑर्डिनेटर प्रो. बिरिंदरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नेक कार्य कॉलेज के रेड रिबन क्लब, एनएसएस (NSS) विभाग और ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन (OSA) के संयुक्त प्रयासों का परिणाम था। इस आयोजन में %एस. जसविंदर सिंह ढिल्लों मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी (रजि.) पंजाब का विशेष सहयोग रहा। गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल हॉस्पिटल की टीम ने डॉ. हरजोत कौर के नेतृत्व में कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया।युवाओं को किया प्रेरितकार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज सेवा और देशभक्ति पर जोर दिया डॉ. पूजा भल्ला व अमनदीप सिंह बाबा (चेयरमैन मार्केट कमेटी)-इन्होंने छात्रों को रक्तदान को महादान बताते हुए इसके महत्व से अवगत कराया।गुरजीत सिंह हैरी ढिल्लों व सुरेश अरोड़ा÷इन समाजसेवियों ने युवाओं को शहीदों के पदचिह्नों पर चलने और नशों से दूर रहकर समाज निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।डॉ. रतन लाल-इन्होंने स्वयं रक्तदान कर युवाओं के सामने उदाहरण पेश किया और पंजीकरण की जिम्मेदारी भी संभाली।सम्मान समारोह÷कैंप को सफल बनाने में प्रो. संदीप सिंह, डॉ. रूपिंदरजीत कौर और प्रो. राजेश्वरी देवी सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं, मेडिकल टीम और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहर की प्रमुख हस्तियां, लेखक, पत्रकार और भारी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



# जैतपुर विधान सभा के लोक प्रिय विधायक जय सिंह मरावी द्वारा मरखी देवी मंदिर परिसर का यथा संभव विकास कराने का आश्वासन दिया गया





**शहडोल 27 मार्च 2026 यस न्यूज प्रति निधि चेतराम शर्मा।** जैतपुर विधान सभा के लोक प्रिय विधायक जय सिंह मरावी जी के द्वारा मरखी देवी धूमावती मंदिर परिसर जमुनिहाँ, केशवाही के विकास के लिये यथा सम्भव विकास कराने का प्रयास किये जायेंगे। श्री राम नवमी के पावन पर्व में आदि शक्ति मरखी देवी धूमावती मंदिर परिसर में देवी जागरण का आयोजन किया गया था इस कार्यक्रम मे विधायक जयसिंह मरावी जी का और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश विश्नानी जी आगमन हुआ, विधायक जी का और विश्नानी जी का माता जी की चुनरी से स्वागत किया गया,मंदिर परिसर में सभी देवी देवताओं का दर्शन किये। यहाँ हो रहे देवी जागरण के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए , श्री राम जी,देवी सीता जी,श्री लक्ष्मण जी और श्री हनुमान जी की झांकी का पूजन किये, उपस्थित जन समूह को हिंदू नव वर्ष, श्री राम नवमी की शुभ कामनाएं दी। यहाँ पर लगे मेले का अवलोकन भाजपा के कार्यकर्त्ताओं के साथ चल कर किया गया, यहाँ स्थित शासकीय जमीन को माता जी के नाम आरक्षित कराने के लिये समिति को कहा गया। सभी अतिथियों को भंडारे का प्रसाद खिलाया गया। इस अवसर पर भाजपा के पदधारी, सदस्यों, समिति के सभी सदस्यों एवं भारी जन समूह की उपस्थिति रही है।



## मकानो की संख्या की गणना 1 मई से 30 मई तक

### फील्ड मास्टर ट्रेनर्सों को दिया प्रशिक्षण





**शहडोल** – आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थिति एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय शहडोल के शासकीय रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण तथा मकानों की गणना के कार्य हेतु 40 फील्ड मास्टर ट्रेनर्सों का तीन दिवसीय प्रषिक्षण प्रारंभ किया गया जो 30 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह ने फील्ड मास्टर ट्रेनर्स को निर्देष दिए कि प्रषिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से संबंधित विभिन्न पहलूओ एवं प्रक्रियाओ तथा तकनीक की जानकारी ध्यान लगाकर प्राप्त करें। मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे फील्ड स्तर पर गणना कार्य में लगे प्रगणको एवं कर्मचारियो को प्रषिक्षित करेंगे। उन्हें घर-घर सर्वे, डेटा संकलन, डिजिटल उपकरणो के उपयोग तथा त्रुटिरहित जानकारी दर्ज करने के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रषिक्षित किया गया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। जिससे शासन की योजनाओ का निर्माण एवं क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। प्रषिक्षण में बताया गया कि जनगणना का प्रथम चरण 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी। जनगणना 2027 का दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश राज्य में 01 मई से 30 मई 2026 की अवधि में किया जाना है जिसकी अधिसूचना मध्यपदेश के राजपत्र दिनांक 23 जनवरी 2026 में प्रकाशित की गई है। प्रषिक्षण में बताया गया कि मकानों को नंबर देने और मकानसूचीकरण एवं मकानसूचीकरण अनुसूची की समीक्षा से संबंधित जनगणना कार्यों को पूरा करने के लिए एक प्रगणक को आबंटित विशिष्टि क्षेत्र है। किसी भी ढांचे/भवन को नहीं छोड़ना चाहिए, मकानसूचीकरण ब्लाक सीमाओं के भीतर बिखरी हुई हुई बस्तियों या अलग-अलग भवनों को शामिल करने के लिए अत्याधिक सावधानी बरती जानी चाहिए। सामान्य रूप से सामान्य और संस्थागत परिवारों में रहने वाले व्यक्तियों की गणना की जानी है। सामान्य रूप से सामान्य और संस्थागत परिवारों में रहने वाले व्यक्तियों की गणना की जानी है, सामान्य निवासियों की गणना की जानी है, भले ही उनमें से कुछ, मकानसूचीकरण के दिन अनुपस्थित हों, आकस्मिक आगंतुकों को बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि उन्हें अपने सामान्य निवास स्थान पर गणना योग्य माना जाएगा, राजनयिक दर्जा रखने वाले विदेशियों और उनके परिवार के सदस्यों को सम्मिलित नही किया जाना चाहिए, मकानसूचीकरण के लिए रक्षा के तहत निषिद्ध क्षेत्रों (स्पेशल चार्ज) को शामिल नहीं किया जाएगा, भवन नंबर का अर्थ है यह सुनिश्चित करना कि मकानसूचीकरण ब्लाक में स्थित प्रत्येक भवन और जनगणना मकान को क्रम से नंबर दिये गए हों, एक मकानसूचीकरण ब्लाक में कई सड़कें शामिल हैं, सड़कों के पार भवनों को लगातार क्रमांकित किया जाना चाहिए, उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व तक सड़कों को एक समान क्रम में लिया जाना चाहिए, सड़क के एक तरफ एक ही निरंतर क्रम के साथ आगे बढ़ें और उस तरफ नंबर डालने का काम पूरा करें, फिर सड़क के दूसरी तरफ के आखिरी सिरे पर जाएँ और उसी क्रम को जारी रखें, जहां से नंबर देना प्रारंभ किए थे उसके विपरीत सामने नंबर देना बंद करें, कोई भवन बिना नंबर वाला पाया जाता है या 10 और 11 नंबर के भवनों के बीच एक नया भवन बन गया है, तो नए भवन को 10/1 के रूप में नंबर दिया जाना चाहिए जिसका अर्थ है कि भवन संख्या 10 के बाद एक अलग भवन बन गया है। प्रशिक्षण के दौरान बताया कि प्रगणक द्वारा आवंटित की गई भवन संख्या को भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर या भवन के किसी प्रमुख स्थान पर लिखा जाना चाहिए, जिसके साथ कोष्ठक में जनगणना मकानों की संख्या भी दी जानी चाहिए। एचएलओ मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रदान किया गया चार अंकीय जनगणना मकान नंबर प्रत्येक जनगणना मकान के प्रवेश द्वार पर लिखा जाना चाहिये। इसी प्रकार प्रशिक्षण अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारियो से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं जिला गणना अधिकारी श्री सरोधन सिंह, जनगणना अधिकारी श्री गिरीश शुक्ला, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सहित फील्ड मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहें।

## खैर (कत्था) की अवैध तस्करी पर कार्रवाई– वन विभाग ने ट्रक जब्त किया, चालक फरार



**यस न्यूज ब्यूरो दिगम्बर शर्मा अनूपपुर।** जिले में दुर्लभ प्रजाति के खैर (कत्था) की अवैध कटाई और तस्करी का मामला सामने आया है। वन परिक्षेत्र बिजुरी की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान एक ट्रक को पकड़कर बड़ी मात्रा में खैर की लकड़ी जब्त की है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया।जानकारी के अनुसार, 28 मार्च की रात लगभग 9 बजे वन विभाग की टीम मौहरी गोढ़हाङ्कबसखली मार्ग पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक ट्रक (क्रमांक ॥क्र69क्क6524) तेज रफ्तार में आता दिखाई दिया। संदेह के आधार पर वाहन को रोककर तलाशी ली गई, लेकिन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।तलाशी के दौरान ट्रक में लगभग 5 घन मीटर खैर (कत्था) की लकड़ी टुकड़ों में कटी हुई पाई गई। जांच में वाहन चालक की पहचान मोहम्मद हारुन (33 वर्ष), निवासी मुंडीगढ़ी, जिला करनाल (हरियाणा) के रूप में हुई है।वन विभाग ने आरोपी चालक के विरुद्ध वन अपराध एवं अवैध परिवहन की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर ट्रक को जब्त कर लिया है। वाहन को वन परिक्षेत्र कार्यालय बिजुरी में सुरक्षित रखा गया है और फरार चालक सहित अन्य तस्करों की तलाश जारी है।वन परिक्षेत्र अधिकारी पवन ताम्रकार ने बताया कि इस कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक सतीश कुमार बैगा, ज्ञानचंद नागेश, वनरक्षक आशीष पांडेय, अनिल साय, अनिल केवट, सुनील बेगा, सत्यनारायण उपाध्याय, शैलेंद्र पटेल, शुभम गुप्ता एवं लालमन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।प्रारंभिक जांच में यह भी आशंका जताई जा रही है कि ट्रक के आगे-पीछे तस्करों की अन्य गाड़ियां चल रही थीं। वन विभाग इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रहा है। बताया जा रहा है कि अनूपपुर सहित मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई जिलों में खैर (कत्था) के हरे पेड़ों की अवैध कटाई कर तस्करी की जा रही है। पूर्व में जैतहरी, अनूपपुर, राजेंद्रग्राम एवं शहडोल में भी इस तरह की कार्रवाई की जा चुकी है। वन विभाग को संदेह है कि इस तस्करी में जिले के एक गांव के मुख्य सरगना की भूमिका हो सकती है, जिसकी जांच जारी है। लगातार हो रही तस्करी के कारण खैर (कत्था) की दुर्लभ प्रजाति पर खतरा बढ़ता जा रहा है।

## बिजुरी पुलिस की सट्टा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार

**यस न्यूज ब्यूरो दिगम्बर शर्मा अनूपपुर।** जिले में जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत बिजुरी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध सट्टा खिलाने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर छापेमार कार्रवाई की, जिसमें आरोपियों के कब्जे से कुल 4,740 रुपये नगद जब्त किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में राकेश साहू (44) निवासी भवनियाटोला, शनि वाल्मीकि (30), प्रकाश वर्मा (38) एवं हरिहर प्रसाद केवट (33) निवासी कपिलधारा शामिल हैं। सभी के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा 4(क) के तहत अपराध क्रमांक 103/26, 104/26, 105/26 एवं 106/26 दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अंजाम दिया गया। पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## रीवा नगर निगम में 30–31 मार्च को लोक अदालत, करदाताओं के लिए सुनहरा मौका 31 मार्च तक भारी छूट, 1 अप्रैल से सख्ती




**रीवा ब्यूरो चीफ शुभम तिवारी ।** रीवा।नगर पालिक निगम रीवा द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 30 एवं 31 मार्च को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि नागरिक अपने बकाया करों का आसान और त्वरित भुगतान कर सकें।नगर निगम प्रशासन ने शहरवासियों को बेहतर सुविधा देने के लिए सभी जोनों के लिए अलग-अलग काउंटर और हेल्पडेस्क की व्यवस्था की है। यहां करदाता लोक अदालत के तहत मिल रही छूट का लाभ सहजता से प्राप्त कर सकेंगे।मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभारों पर दी जा रही छूट केवल 31 मार्च तक ही मान्य है। स्व-आवासीय भवनों पर मिल रही 50 प्रतिशत संपत्तिकर छूट का लाभ भी इसी तिथि तक सीमित रहेगा।

**1 अप्रैल से लागू होंगे सख्त नियम**

(1) संपत्ति कर होगा दोगुना
(2)बकाया करों पर 12 प्रतिशत अधिभार लागू
(3)बकायेदारों पर तालाबंदी एवं कुर्की की सख्त कार्रवाई

नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने नागरिकों, व्यापारियों एवं संस्थाओं से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए समय रहते अपने बकाया करों का भुगतान करें और अतिरिक्त आर्थिक भार से बचें।

## मनोनीत पार्षद नियुक्ति पर विधायक नागेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधियों के प्रति जताया आभार



**संभागीय ब्यूरो की रेखा शर्मा ।**मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगर परिषद गोविंदगढ़ में मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति के बाद क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र बुधौलिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।जारी वक्तव्य में उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधायक नागेन्द्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता तथा गोविंदगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी के प्रति विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी जनसेवा का महत्वपूर्ण अवसर है, जिसे वे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निभाएंगे। नगर परिषद गोविंदगढ़ के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए वे सक्रिय भूमिका निभाएंगे। श्री बुधौलिया ने अन्य मनोनीत पार्षदों श्री ब्रह्मानंद पाण्डेय, श्री श्रीनिवास साकेत एवं श्री शैलेन्द्र सोनी को भी बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी के सामूहिक प्रयासों से नगर के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## गुढ़ नेशनल हाईवे में नशे की हालत में युवक ने पेड़ से टकराई बाइक, गुढ़ पुलिस ने खुद के वाहन से 2 को अस्पताल ले जाया गया



**रीवा ब्यूरो चीफ शुभम तिवारी ।** गुढ़ नेशनल हाईवे 39 में हुआ भीषण सड़क हादसा बाइक सवार दो युवक नशे की हालत में सड़क के किनारे लगे पेड़ से भीड़ गए जिसकी वजह से बाइक पूरी तरह से चकनाचूर हो गई है वही दोनों युवक एक डढ़वा निवासी बताया जा रहा है तो एक बदवार का निवासी बताया जा रहा है जिसको घटना स्थल पर गुढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तुरंत अपने वाहन से रीवा ले जाया गया है वहीं घटना स्थल पर परिवार भी पहुंच गए हैं यह अभी-अभी की घटना बताती जा रही है।

# उप मुख्यमंत्री ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का प्रदेश में किया शुभारंभ

**प्रीडिक्टिव एनालिसिस से प्रदेश में चिन्हित 13 हज़ार 428 फोकस क्षेत्रों में होगी सघन स्क्रीनिंग**

**रीवा ब्यूरो चीफ शुभम तिवारी ।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व टीबी दिवस के अवसर पर गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल से प्रदेश में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक शासकीय कार्यक्रम नहीं, इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने होगा। अभियान में स्वास्थ्य अमले के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि टीबी को जड़ से समाप्त करने के लिए समय पर पहचान, उपचार और पोषण अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान हो जाए, तो इसका प्रभावी और सरल प्रबंधन संभव है। इस दिशा में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को जांच के लिए प्रेरित करना सभी की जिम्मेदारी है।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश के आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं स्वयंसेवी संगठनों से निक्षय पोषण योजना में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान करने में समाज के जागरूक नागरिकों, समाजसेवियों से सक्रिय सहयोग आह्वान किया। उन्होंने पूर्व में अभियान में सहयोग देने वाले सभी वर्गों का आभार व्यक्त किया और स्वास्थ्य अमले–डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ एवं फील्ड वर्कर्स–की निरंतर सेवा, समर्पण और कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश में पूर्व में किए गए समेकित प्रयासों की तरह ही इस बार भी सभी की सहभागिता से हम टीबी को हराकर टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त करेंगे।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार के संसाधनों की कमी नहीं आने दे रही है। स्वास्थ्य संस्थानों के सशक्तीकरण, उन्नयन, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, चिकित्सा शिक्षा संस्थानों के विस्तार और पर्याप्त चिकित्सकीय मानव संसाधन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के किसी भी मरीज को संसाधनों के अभाव में अन्यत्र रेफर करने की आवश्यकता न पड़े और उसे स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्क्रीनिंग प्रक्रिया और निक्षय पोर्टल में एंट्री की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने एआई इनेबल्ड हैंडहेल्ड एक्स-रे की कार्यप्रणाली समझी। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए। इसके साथ ही टीबी जागरूकता क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया।एमडी एनएचएम डॉ सलोनी सिडाना ने बताया कि मध्यप्रदेश 100 दिवसीय निक्षय भारत अभियान (7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025) के दौरान देश में अग्रणी रहा है। इस अवधि में 23 संवेदनशील जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में सघन स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया, जिसमें संभावित मरीजों की पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित किया गया और उन्हें आवश्यक पोषण सहयोग भी प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इस बार अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकी साधनों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रदेश में आधुनिक तकनीकी का उपयोग कर एआई मैपिंग के द्वारा हेल्थ पैरामीटर्स के आधार पर प्रीडिक्टिव एनालिसिस से प्रदेश में 13,428 फोकस क्षेत्रों की पहचान की गई है, जिनमें मुख्य रूप से शहरी क्षेत्र शामिल हैं। इन चिन्हित क्षेत्रों में लक्षित रणनीति के तहत सघन स्क्रीनिंग, जांच एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। डॉ सिडाना ने बताया कि रेडियोडायग्नोसिस सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए भी नवाचार किए जा रहे हैं। स्टाफ की कमी को दूर करने हेतु तकनीक का उपयोग करते हुए पारंपरिक एक्स-रे मशीनों के साथ-साथ प्रदेश में 86 एआई-सक्षम हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों का उपयोग किया जाएगा। इससे दूरस्थ एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी तेज और सटीक स्क्रीनिंग संभव हो सकेगी। डीन, गांधी मेडिकल कॉलेज डॉ कविता सिंह ने जानकारी दी कि प्रदेश में टीबी प्रबंधन के क्षेत्र में लगातार सुधार हुआ है। सक्रिय केस फाइंडिंग, बेहतर रिपोर्टिंग और उपचार व्यवस्था के कारण टीबी नोटिफिकेशन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2022 में 6 प्रतिशत थी और वर्ष 2026 में बढ़कर 11.48 प्रतिशत हो गई है। यह वृद्धि इस बात का संकेत है कि अधिक से अधिक मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह की समन्वित रणनीति, तकनीकी नवाचार और जनभागीदारी के माध्यम से प्रदेश टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर रहेगा।



## महावीर जयंती पर फरीदकोट में मीट की बिक्री और स्लॉटरहाउस पर पूर्ण पाबंदी, जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किए आदेश



**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** भगवान महावीर जयंती के पावन पर्व की पवित्रता और शांति को बनाए रखने के लिए फरीदकोट जिला प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। जिला मजिस्ट्रेट मैडम पूनमदीप कौर ने %इंडियन सिविल प्रोटेक्शन कोड, 2023% की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को पूरे जिले में मीट और अंडों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

**प्रशासनिक आदेश के मुख्य बिंदु-स्लॉटरहाउस रहेंगे बंद**

जिले की सीमा के भीतर आने वाले सभी पशु वधशालाएं (स्लॉटरहाउस) इस दिन पूरी तरह बंद रखी जाएंगी।दुकानें खोलने पर रोक-मीट, चिकन और अंडे बेचने वाली किसी भी दुकान को खोलने की अनुमति नहीं होगी।होटल और अहाते भी दायरे में-यह आदेश न केवल दुकानों बल्कि होटलों, रेस्टोरेंट्स और उन अहातों पर भी लागू होगा जहाँ शराब पीने या बेचने की कानूनी अनुमति है। इन स्थानों पर भी मीट या अंडे परोसने पर सख्त पाबंदी रहेगी।÷यह निर्णय आम जनता की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने और कानून-व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए लिया गया है। आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी÷--पूनमदीप कौर, जिला मजिस्ट्रेट, फरीदकोटप्रशासन ने स्पष्ट किया है कि महावीर जयंती के अवसर पर अहिंसा के संदेश को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया गया है। स्थानीय पुलिस और नगर निगम की टीमों को इन आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## नवोदय में कल्याणिका का धमाका, पांच होनहारों ने कड़ी टक्कर में मारी बाज़ी




**राजेंद्रग्राम (यस न्यूज़ प्रतिनिधि विनय महरा की रिपोर्ट)** नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025-26 में कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन, पटना राजेंद्रग्राम के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता का परचम लहराया है। कक्षा 5 के पांच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों–शौर्य कुमार कोल (पिता- धीरेंद्र प्रसाद), सृजल टांडिया (पिता- नीरज प्रसाद), अक्षय ताम्रकार (पिता- अर्जुन प्रसाद), गगन मरकाम (पिता- तेजू सिंह मरकाम) और सूफीयान खान (पिता- सफीक खान)–ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच सफलता हासिल कर विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह सफलता कोई संयोग नहीं बल्कि सुनियोजित तैयारी, अनुशासित दिनचर्या और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। छात्रों को प्रारंभिक स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप तैयार किया जाता है, जिसमें नियमित टेस्ट, विशेष अभ्यास सत्र और व्यक्तिगत मार्गदर्शन शामिल है। शिक्षकों ने बताया कि विद्यार्थियों की लगन, आत्मविश्वास और अभिभावकों के सहयोग ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है।इस उल्लेखनीय सफलता के बाद विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल है। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने भी विद्यालय की शिक्षण पद्धति, अनुशासन और परिणामों की सराहना की है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि छात्रों को समग्र रूप से विकसित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करना है, और आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती रहेगी।

## पंजाब में ड्रग एवं सोशियो–इकोनॉमिक सेंसस का बिगुल

**–एन्यूमरेटर्स को मिलेगा ?62,500 तक मानदेय, –एडीसी मल्होत्रा ने की आवेदन की अपील**

**फरीदकोट, 30 मार्च (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** पंजाब सरकार राज्य से नशा खत्म करने और लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए एक निर्णायक कदम उठाने जा रही है। जिला फरीदकोट में %ड्रग और सोशियो-इकोनॉमिक सेंसस% (नशा और सामाजिक-आर्थिक जनगणना) की तैयारियां तेज हो गई हैं। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (डेवलपमेंट) श्री संदीप मल्होत्रा ने जिले के योग्य सरकारी कर्मचारियों से इस मुहिम का हिस्सा बनने और एन्यूमरेटर (गणक) के तौर पर आवेदन करने की अपील की है।



**सर्वे का मुख्य उद्देश्य और तकनीक**

एडीसी मल्होत्रा ने बताया कि इस जनगणना का प्राथमिक लक्ष्य जमीनी हकीकत को समझना हैउन्होंने स्पष्ट किया-सटीक डेटा- नशाखोरी की वर्तमान स्थिति और लोगों की आर्थिक जरूरतों का डेटा एकत्रित किया जाएगा।डिजिटल सर्वे-सारा काम मैनुअल कागजी कार्रवाई के बजाय सरकार द्वारा जारी स्पेशल मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए डिजिटल रूप में होगा।नीति निर्धारण- इसी डेटा के आधार पर सरकार भविष्य की कल्याणकारी योजनाएं और नशा विरोधी नीतियां तैयार करेगी।भर्ती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी-समय सीमा और लक्ष्य यह अभियान 5 अप्रैल 2026 से आधिकारिक रूप से शुरू होगा। प्रशासन ने इसे 45 दिनों के भीतर पूरा करने का कड़ा लक्ष्य रखा है। श्री मल्होत्रा ने जोर देकर कहा कि यह केवल एक ड्यूटी नहीं, बल्कि समाज सुधार का एक बड़ा अवसर है।विवरण, पात्रता एवं शर्तेंपात्रता- पंजाब सरकार के रेगुलर या कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी।शैक्षणिक योग्यता- कम से कम ग्रेजुएशन की डिग्री या डिप्लोमा।कार्यभार- प्रत्येक एन्यूमरेटर को लगभग 250 घरों का सर्वे करना होगा।मानदेय (Honorarium): ?250 प्रति घर (कुल ?62,500 तक की कमाई का मौका)।÷हम चाहते हैं कि योग्य कर्मचारी जल्द से जल्द आवेदन करें ताकि एक पारदर्शी और सटीक सर्वे के जरिए पंजाब की प्रगति का नया खाका तैयार किया जा सके÷--संदीप मल्होत्रा, एडीसी (डी)न्यूज़- 30-3 फोटो कैप्शन- फरीदकोट में मीटिंग के दौरान जानकारी देते एडीसी संदीप मल्होत्रा।

## रीवा के संजय गांधी अस्पताल के वार्ड में एक युवती द्वारा रील बनाने का मामला सामने आया है

**रीवा ब्यूरो चीफ शुभम तिवारी ।** युवती ने गले में अस्पताल की ठेका कंपनी का आईकार्ड पहनकर फिल्मी गाने पर रील बनाई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार युवती अस्पताल के वार्ड के अंदर फिल्मी गाने पर रील बनाते हुए नजर आ रही है। वीडियो में उसके गले में ठेका कंपनी का आईकार्ड भी दिखाई दे रहा है, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह अस्पताल से जुड़ी कर्मचारी हो सकती है या किसी कर्मचारी की परिचित है। वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मामले को संज्ञान में लिया है। अस्पताल अधीक्षक राहुल मिश्रा ने इसे आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में इस तरह की गतिविधियों की अनुमति नहीं है। मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हमारे सीनियर सिटिज़न्स हमारी शान हैं– फरीदकोट में डिजिटल और फाइनेंशियल अवेयरनेस कैंप आयोजित

**बुजुर्गों को सिखाए गए साइबर फ्रॉड से बचने के गुर; सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी**



**फरीदकोट 30 मार्च (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)।** पंजाब के सोशल सिक्योरिटी और महिला एवं बाल विकास विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत आज फरीदकोट की बलबीर बस्ती स्थित रविदास धर्मशाला में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला सोशल सिक्योरिटी ऑफिसर श्रीमती रतनदीप संधू की विशेष पहल पर 'हमारे सीनियर सिटिज़न्स हमारी शान हैं' कैंपेन के जरिए बुजुर्गों को आधुनिक डिजिटल प्रणाली से जोड़ने का प्रयास किया गया।

**डिजिटल बैंकिंग और सुरक्षा पर जोर**

कैंप में लीड बैंक फरीदकोट के विशेषज्ञ अधिकारियों ने शिरकत की। उन्होंने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को आज के दौर की अनिवार्य बैंकिंग सुविधाओं के बारे में विस्तार से समझाया- मोबाइल बैंकिंग और UPI घर बैठे ट्रांजैक्शन करने के तरीके।ATM सुरक्षा- मशीन का सुरक्षित उपयोग और पिन की गोपनीयता।साइबर फ्रॉड से बचाव- ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए जरूरी सावधानियां और किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर प्रतिक्रिया न देने की सलाह।

सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील- वित्तीय साक्षरता के साथ-साथ अधिकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहीं-

1. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना।
2. अटल पेंशन योजना और सुकन्या समृद्धि योजना।
3. पंजाब सरकार की माता तृप्ता महिला सम्मान (मान-धत्ता सत्कार) योजना।

÷बुजुर्ग हमारे समाज की कीमती पूंजी हैं। बदलते समय के साथ उन्हें नई तकनीक से जोड़ना अनिवार्य है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और बिना किसी डर के डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकें। विभाग भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियान जारी रखेगा श्रीमती रतनदीप संधू, जिला सोशल सिक्योरिटी ऑफिसर।

**लाभार्थियों में दिखा उत्साह**

कैंप में आए बुजुर्गों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि तकनीकी जानकारी के अभाव में वे अक्सर डिजिटल लेन-देन से डरते थे, लेकिन अब विशेषज्ञों की सलाह के बाद उनमें आत्मविश्वास जागा है।

## एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र और लाखों परिवारों के स्वावलंबन का हैं आधार –मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने उपलब्ध करा रही है सहयोग और मार्गदर्शन**

**देश–दुनिया के सभी निवेशकों के लिए खुले हैं प्रदेश के दरवाजे**
**देश के प्रमुख स्टार्टअप राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है मध्यप्रदेश**
**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की एमएसएमई इकाइयों को 169 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित**
**स्टार्टअप को अनुदान और उद्यमियों को प्रदान किए भू–आवंटन पत्र**
**मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंत्री श्री काश्यप ने भेंट किया लघु उद्योग निगम के 8 करोड़ रूपए के अंतरिम लाभांश का चैक**




**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं। हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है। एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समर्थ एमएसएमई विकसित मध्यप्रदेश की थीम पर मुख्यमंत्री निवास में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी कर संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने लघु उद्योग निगम की ओर से 8 करोड़ रूपए के अंतरिम लाभांश का चैक भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए और मुख्यमत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण भी किए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का आयोजन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हो रहा है। यह भगवान महावीर के जनकल्याण और शुचिता के सिद्धांतों को साकार करने का भी प्रतीक है। प्रदेश में उद्योग-व्यापार गतिविधि और उद्यमिता प्रोत्साहित करने के लिए व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी हैं। राज्य सरकार उद्यमियों को लिए पूंजी, भूमि और व्यवस्थाओं में सरलता कर, उनकी प्रगति की राह को आसान बना रही है। विभाग द्वारा बड़ी राशि का सिंगल क्लिक से सीधे अंतरण व्यवस्था में सुगमता और स्पष्टता का परिचायक है। पूरे देश में मार्च क्लोजिंग का वातावरण है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा एमएसएमई इकाइयों और उद्यमियों को राशि और सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह प्रदेश में नए संकल्पों के साथ नया वित्तीय वर्ष आरंभ करने का भी प्रतीक है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही भारत स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की कुशल नीतियों से ही संभव है। जहां एक ओर विश्व के कई देशों में पेट्रोल-डीजल, गैस की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, वहीं हमारे देश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इनके मूल्यों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत समर्थ भी है और सक्षम भी।सभी क्षेत्रों में हो रही है प्रगति -मंत्री श्री काश्यप सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनता के बीच सक्रिय होने के साथ प्रशासनिक दृष्टि से भी निरंतर गतिशील हैं। उनके व्यापक और स्पष्ट दृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप प्रदेश उद्योग-व्यापार, कृषि, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने सहित सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विभाग में डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं। जिसके परिणामस्वरूप भूमि आवंटन प्रक्रिया को गति मिली है। प्रदेश के 25 औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्य जारी हैं, साथ ही 6 नए औद्योगिक क्षेत्र भी विकसित किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 7100 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश, देश के प्रमुख स्टार्टअप राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है। कार्यक्रम में एमएसएमई इकाई के संचालक, उद्यमी और बड़ी संख्या में स्टार्ट-अप्स मौजूद रहे।

## ब्यौहारी पुलिस चार लाख पचासी हजार रूपए की धोखाधडी के आरोपी को जबलपुर से किया गिरफ्तार

**विनय द्विवेदी ब्यौहारी –** फरियादिया निर्मिला पटेल निवासी ब्यौहारी थाना ब्यौहारी जिला शहडोल का थाना उपस्थित आकर इस आशय का रिपोर्ट लेख करायी की मेरे स्टेट बैंक आँफ इंडिया खाते से 90 हजारु रुपये एवं सेंट्रल बैंक आँफ इंडिया वाले खाते से 3,95,307 रुपये कुल 4,85,307 रुपये छल पूर्वक धोकाधड़ी करके क्ष्क्ष् के माध्यम से हड़प लिया गया है । दिनांक 07.03.26 को जब मै बैंक जाकर अपने खातो का स्टेटमेंट निकलवाई तो मुझे पता चला की अभयराज साहू निवासी जबलपुर के व्दारा मेरे खातो से मेरी जानकारी के बिना मेरे जमा पैसे निकल जाने का पता चला है । रिपोर्ट पर आरोपी अभिराज साहू निवासी जबलपुर के विरुध्द अपराध क्र 168/26 धारा 318(4) एव 66,66ए आईटी एक्ट बी.एन.एस.का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । दौरान विवेचना घटना दिनाक से फरार आरोपी अभिराज साहू निवासी जबलपुर को सायबर सेल के मदद से बड़ी मसक्कत के बाद आरोपी को रेलवे स्टेशन जबलपुर से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया । घटना दिनाक से फरार आरोपी की गिरफ्तारी मे थाना ब्यौहारी के निरी. थाना प्रभारी जियाउल हक एव अधिनस्थ स्टाफ उनि वीरेन्द्र तिवारी, आर. 762 गंगा सागर गुप्ता, आर पंकज सिंह , महिला आर माधुरी साहू एव साबयर सेल शहडोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## एडवोकेट आलोक मिश्रा की दमदार पैरवी, ह्लष्ठक्र- एक्ट के मामले में तीनों आरोपी बरी

**अपर सत्र न्यायालय रीवा का फैसला**
**आरोपियों को किया दोषमुक्त**




**रीवा ब्यूरो चीफ शुभम तिवारी रीवा।** मऊगंज थाना अंतर्गत दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक चर्चित प्रकरण में अपर सत्र न्यायालय रीवा ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तीनों आरोपियों को बरी कर दिया। यह निर्णय पंचम अपर सत्र न्यायाधीश रीवा के पीठासीन अधिकारी श्री संदीप श्रीवास्तव द्वारा सुनाया गया।मामला अपराध क्रमांक 286/2023 एवं प्रकरण क्रमांक 91/2023 से जुड़ा है, जिसमें मऊगंज पुलिस ने आरोपी राजू भरथरी उर्फ शाहिद नागू, नागेंद्र कोल एवं सतीश जायसवाल उर्फ कल्लू, सभी निवासी मऊगंज, के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21, 22 तथा औषधि नियंत्रण अधिनियम की धारा 5, 13 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था।पुलिस द्वारा 25 सितंबर 2023 को न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसके बाद मामला न्यायालय में विचाराधीन रहा।इस प्रकरण में आरोपी सतीश उर्फ कल्लू निवासी वार्ड क्रमांक 14 घुरेहटा मऊगंज की ओर से अधिवक्ता आलोक मिश्रा ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता मिश्रा ने सशक्त जिरह करते हुए अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों और तथ्यों पर सवाल खड़े किए।अधिवक्ता की प्रभावी दलीलों और साक्ष्यों में संदेह की स्थिति को देखते हुए न्यायालय ने आरोपियों को दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया। इस फैसले को कानूनी विशेषज्ञ महत्वपूर्ण मान रहे हैं, जिसमें न्यायालय ने साक्ष्यों की मजबूती और निष्पक्ष सुनवाई के आधार पर निर्णय दिया। वहीं, अधिवक्ता आलोक मिश्रा की इस पैरवी को न्यायालयीन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## बिछिया थाना क्षेत्र के लोही में 60 वर्षीय महिला की सिर कटी लाश मिलने से सनसनी, सिर की तलाश में जुटी पुलिस

**संवाददाता शुभम तिवारी तिवारी 8962373285 ।** रीवा जिले के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लोही गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 60 वर्षीय महिला की सिर कटी लाश बरामद हुई। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।मृतका की पहचान लीला पटेल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला का शव बिना सिर के मिला है, जबकि सिर अभी तक बरामद नहीं हो सका है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगातार सर्चिंग कर रही है और ग्रामीणों से पूछताछ भी की जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हर एंगल से जांच की जा रही है।इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि बिछिया थाना क्षेत्र के लोही गांव में महिला का सिर कटा शव मिला है। सिर की तलाश जारी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है।फिलहाल इस रहस्यमयी घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## सुशासन और जनहितैषी नीतियों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मिली राष्ट्रीय मान्यता

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डिजिटल गवर्नेंस में मध्यप्रदेश के देश में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे सद्प्रयासों को अब राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह उपलब्धि सुशासन, पारदर्शिता, जनहितैषी और नागरिक-केंद्रित नीतियों के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन के मानकों के अनुसार यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने 1,752 ई-सेवाओं के साथ डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल होकर पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद गर्व का विषय है कि प्रदेश में 59 अनिवार्य सेवाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है।

# शहडोल में जनगणना कार्य हेतु फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण संपन्न

**ग्राम कुदरी में घर–घर जाकर मकान गणना का दिया गया लाइव डेमो**



भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में नियुक्त फील्ड ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना 2027 के तहत किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें जनगणना प्रक्रिया, स्व-गणना, वेब पोर्टल के उपयोग, स्व-गणना सत्यापन सहित कार्य के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री सरोधन सिंह के मार्गदर्शन में ग्राम कुदरी में मकान गणना का लाइव डेमो दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तर से आए प्रशिक्षकों गिरीश शुक्ला, श्री तलवार एवं जिला मास्टर ट्रेनर की उपस्थिति में फील्ड ट्रेनरों को प्रगणक एवं सुपरवाइजर की भूमिका के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया। ग्राम कुदरी में 1600 भवन हैं जिन्हें 2 एलएचबी में बांट कर सुपरवाईजर एवं प्रगणकों की टीम ने घर-घर जाकर मोबाईल एप के माध्यम से जानकारी का संकलन किया गया। इस कार्य हेतु 08 टीमों का गठन किया गया था। ये टीम प्रत्येक घर में पहुंचकर मुखिया से मकान गणना हेतु निर्धारित 34 बिन्दुओं जिसमें आवास से संबंधित जानकारी आवास में सुविधाओं की जानकारी पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, टीव्ही, रेडियो, वाहन, इंटरने, मोबाईल के उपयोग, भोजन में उपयोग किए जाने वाले अनाज आदि से संबंधित जानकारियां शामिल थीं। दलों द्वारा एनसीसी ऑफिस कार्यालय, आवासीय परिसर की जानकारी में ममता गुप्ता के परिवार तथा 01 ही भवन में कई मकान जिसमें अलग- अलग लोग रहते हैं की जानकारी संकलित की गई। संग्रहित जानकारी को एचबीएफ के माध्यम से ऑनलाइन डिजिटल रूप में दर्ज किया गया। इस अभ्यास के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स को फील्ड में कार्य करने की वास्तविक प्रक्रिया से अवगत कराया गया। जिससे आगामी जनगणना कार्य को अधिक प्रभावी पारदर्शी एवं त्रुटिरहित तरीके से सम्पन्न किया जा सके। जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है। इससे संकलित किया गया डाटा पूर्णतः सुरक्षित एवं गोपनीय रहेंगे। डाटा संग्रहण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं विश्वसनीय बनाने के लिए जनगणना कार्य में लगे मास्टर ट्रेनर्स को लाइव डेमो प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि जब प्रगणक उनके घर आएं, तो वे जनगणना से संबंधित सही एवं सटीक जानकारी प्रदान करें।



# भाजपा विचारधारा और सेवा के बल पर बनी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टीः हेमंत खण्डेलवाल





**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को हरदा के माँ रेवा गार्डन में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचारधारा और मिशन है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी संगठनात्मक शक्ति और स्पष्ट वैचारिक आधार के कारण दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है, जबकि कांग्रेस अब एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। खण्डेलवाल ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पं. दीनदयाल उपाध्याय और कुशभाऊ ठाकरे जैसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर संगठन को मजबूत करें तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राजनीति सत्ता नहीं बल्कि सेवा का माध्यम है और पार्टी कार्यकर्ता जनता की सेवा में जुटे हैं, इसलिए भाजपा को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने निरंतर प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सीखने की प्रक्रिया से संगठन मजबूत होता है। ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व को पार्टी की सफलता का मूल मंत्र बताते हुए उन्होंने कार्यकताओं से समय पालन और अनुशासित आचरण अपनाने का आग्रह किया।

# IAS रवि सिहाग का कैडर बदलाः एमपी से AGMUT में शिफ्ट, IAS इशिता राठी से शादी के बाद DOPT ने जारी किया आदेश



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी रवि कुमार सिहाग का कैडर बदलकर AGMUT (अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम-केंद्रशासित प्रदेश) कर दिया गया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DOPT) के आदेश के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने उन्हें मध्यप्रदेश से रिलीव कर दिया है। बताया जा रहा है कि अऋटवळ कैडर की आईएएस अधिकारी इशिता राठी से विवाह के बाद रवि सिहाग ने कैडर परिवर्तन के लिए आवेदन किया था, जिसे स्वीकृति मिल गई। वर्ष 2022 बैच के आईएएस रवि कुमार सिहाग सिवनी जिले के लखनादौन में एसडीएम पद पर पदस्थ थे। उनकी शादी 16 दिसंबर 2025 को दिल्ली में हुई थी, जिसके बाद नियमों के तहत उन्होंने कैडर चेंज का अनुरोध किया था।

# पेंशनर्स को बड़ी राहतः अब एक क्लिक पर मिलेगी पेंशन, जिलों के चक्कर काटने से मिलेगी मुक्ति




**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पेंशनर्स को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, एमपी में अब एक क्लिक में पेंशन मिलेगी। प्रदेश के कर्मचारियों के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई है। 1 अप्रैल से सेंट्रलाइज्ड सेल पेंशन का निपटारा करेगा। यानी अब पेंशनर्स को जिलों का चक्कर नहीं काटने पड़ेगा। एमपी सरकार ने सभी जिलों में राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल लागू करने का निर्णय लिया है। 1 अप्रैल से सेंट्रलाइज्ड सेल पेंशन का निपटारा करेगा। इस व्यवस्था के तहत पेंशन से जुड़े सभी मामलों का निपटारा एक ही केंद्रीकृत प्रणाली से किया जाएगा। पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए मध्य प्रदेश पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा संचालनालय ने विशेष सेल का गठन किया गया है। इसके साथ ही अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई है। प्रकरण प्रिंटिंग और महालेखाकार को प्रेषण के लिए एडिशनल डायरेक्टर भावेश कांत सिन्हा को अप्रूवल अधिकारी बनाया गया है। डिप्टी कलेक्टर पायल ओसवाल को क्रिएटर की जिम्मेदारी दी गई हैं। वहीं प्रावधिक पेंशन व उपदान भुगतान के लिए डिप्टी डायरेक्टर वर्षा चढ्डा को अप्रूवल और विनय खतलोईया को क्रिएटर की जिम्मेदारी मिली है। संभागवार अप्रूवल अधिकारी और क्रिएटर की नियुक्ति हर संभाग में समन्वय के लिए अलग प्रभारी और अफसर की तैनाती की गई है। भोपाल संभाग में रामसेवक मीना को अप्रूवल और विजेंद्र पुष्पद को क्रिएटर, इंदौर संभाग में भावेश कांत सिन्हा को अप्रूवल और मधुबाला मुजाल्दे को क्रिएटर, ग्वालियर संभाग में हरिदयाल जटोला को अप्रूवल और तरुण गौड़ को क्रिएटर, उज्जैन संभाग में मिर्जा बशीर बेग को अप्रूवल और राखी उइके को क्रिएटर, जबलपुर संभाग में राबिन सैमुअल को अप्रूवल और आहिना जैन को क्रिएटर का दायित्व सौंपा गया है। वहीं सागर संभाग में शोएब खान को अप्रूवल और पायल ओसवाल को क्रिएटर, रीवा संभाग में राजेंद्र रावत को अप्रूवल और नवीन उइके को क्रिएटर की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इस नई व्यवस्था में पेंशन प्रकरणों के पूर्व परीक्षण, अनुमोदन और क्रिएशन के लिए अलग-अलग अफसरों को जिम्मेदारी देने से प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तेज होने की उम्मीद है।

# राजधानी में बदमाशों ने मचाया उत्पातः 3 युवकों ने घर में लगाई आग, सारा सामान जलकर राख, वीडियो वायरल

## पीड़िता का आरोप- पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई



**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में बदमाशों के हौसले बुलंद है। गुंडा बदमाशों के खिलाफ शासन का बुलडोजर चलने के बाद भी आपराधिक गतिविधियों में कमी नहीं आ पा रही है। ताजा मामला राजधानी का है जहां बदमाशों ने पुरानी रंजिश में घर में आग लगा दी। आग से घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगाने का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस मामले में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। दरअसल घटना भोपाल के अरेरा हिल्स थाना भीम नगर का है जहां एक घर को 3 बदमाशों ने आग के हवाले कर दिया। घर में आग लगाने का आरोपियों ने वीडियो भी बनाया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में आग लगाते हुए बदमाश साफ नजर आ रहा है। पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि पीड़ित परिवार का मुखिया जेल में बंद है। पीड़िता ने बताया कि जिस वक्त आग लगाई गई उस वक्त मैं अपने दो बच्चों के साथ घर में मौजूद थी। तीन बदमाशों पर लगे घर में आग लगाने के आरोप जिसमें से दो नाबालिग, एक का नाम मिथिलेश है।

# महावीर जयंती पर बड़ा फैसलाः कलेक्टरों को अवकाश बदलने का अधिकार, भोपाल में 31 की जगह 30 मार्च को छुट्टी




**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने महावीर जयंती के अवकाश को लेकर बड़ा निर्णय लिया है और जिला कलेक्टरों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार छुट्टी की तिथि बदलने का अधिकार दे दिया है। इस फैसले के बाद राजधानी भोपाल में 31 मार्च के स्थान पर 30 मार्च को शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन जिलों में महावीर जयंती 31 मार्च को मनाई जाएगी, वहां अलग से आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि उस दिन का अवकाश पहले से घोषित है। बताया जा रहा है कि सामाजिक संगठनों के ज्ञापन के बाद यह निर्णय लिया गया, ताकि विभिन्न जिलों में पर्व मनाने की तिथि के अनुसार अवकाश निर्धारित किया जा सके। इसके तहत कलेक्टर स्थानीय परिस्थितियों और परंपराओं को ध्यान में रखते हुए 30 या 31 मार्च को छुट्टी घोषित कर सकेंगे। भोपाल में आदेश जारी होने के बाद 30 मार्च को शासकीय अवकाश रहेगा, जबकि अन्य जिलों में पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार अवकाश लागू होगा।

# एमपी की पूर्व छात्रा बनीं नेपाल की केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

## नर्सिंग प्रोफेशन से मंत्री बनने का अनोखा गौरव निशा मेहता को




**भोपाल।** मध्यप्रदेश के लिए गौरव का क्षण सामने आया है, जहां प्रदेश से जुड़ी नर्सिंग छात्रा निशा मेहता नेपाल में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बनी हैं। बताया जा रहा है कि विश्व में पहली बार किसी देश में नर्सिंग प्रोफेशन से सीधे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बनने का गौरव उन्हें प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि से मध्यप्रदेश की नर्सिंग शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों में खुशी की लहर है। निशा मेहता ने वर्ष 2006 से 2010 के बीच नई दिल्ली स्थित एम्स से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने मध्यप्रदेश के ग्वालियर स्थित पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज ऑफ नर्सिंग से एमएससी नर्सिंग की उपाधि हासिल की। उनकी शैक्षणिक यात्रा दिल्ली और मध्यप्रदेश से शुरू होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की भूमिका तक पहुंची है। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि नर्सिंग पृष्ठभूमि से आने वाली नेता का स्वास्थ्य मंत्रालय की कमान संभालना नीतिगत स्तर पर सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

# एमपी में 6 हजार कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर पर संकटः 31 मार्च तक सेवाएं, नए सत्र में आईटी लैब बंद होने की आशंका




**भोपाल।** मध्यप्रदेश में डिजिटल शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा संकट मंडराने लगा है, क्योंकि कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के करीब 6 हजार अतिथि शिक्षकों की सेवाएं समाप्त होने की संभावना जताई जा रही है। समग्र शिक्षा विभाग के अपर संचालक की ओर से जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी पत्र में 30 अप्रैल तक सेवा जारी रखने के आदेश को निरस्त करते हुए 31 मार्च तक ही सेवाएं लेने के निर्देश दिए गए हैं। इस फैसले के बाद प्रदेश के सरकारी स्कूलों में संचालित आईटी और कंप्यूटर लैब प्रभावित हो सकती हैं। जानकारी के अनुसार प्रत्येक जिले में लगभग 100 के आसपास कंप्यूटर लैब संचालित हैं, जिनकी देखरेख और संचालन कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर करते थे। ऐसे में उनके हटने के बाद स्कूलों में तकनीकी उपकरणों की निगरानी और छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा देने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। शिक्षा से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो नए शैक्षणिक सत्र से कई हाई सेकेंडरी स्कूलों की आईटी लैब बंद होने की स्थिति बन सकती है।

# भोपाल से सीमित उड़ानेंः समर शेड्यूल में दिल्ली-मुंबई पर फोकस, अन्य शहरों के लिए इंतजार जारी



**भोपाल।** राजधानी भोपाल से हवाई यात्रियों को फिलहाल दिल्ली और मुंबई के अलावा अन्य शहरों के लिए सीधी उड़ानों का इंतजार करना होगा। एयरलाइंस द्वारा जारी नए समर शेड्यूल में 29 मार्च से लागू होने वाली सेवाओं में मुख्य रूप से दिल्ली और मुंबई की उड़ानों को ही प्राथमिकता दी गई है। इससे पुणे, लखनऊ, जयपुर जैसे शहरों के लिए सीधी उड़ानों की उम्मीद लगाए बैठे यात्रियों को निराशा हाथ लगी है। नए शेड्यूल के अनुसार दिल्ली के लिए इंडिगो की एक अतिरिक्त फ्लाइट शुरू की जा रही है, जिससे अब पहले, तीसरे और पांचवें बुधवार को भी दिल्ली के लिए उड़ान उपलब्ध रहेगी। वहीं पहली बार भोपाल से नवी मुंबई के लिए सीधी सेवा शुरू किए जाने की जानकारी दी गई है। इसके अलावा भोपाल से हैदराबाद के लिए भी अब प्रतिदिन दो उड़ानें संचालित होंगी, जिससे मुंबई और हैदराबाद जाने वाले यात्रियों को कुछ अतिरिक्त विकल्प मिलेंगे। हालांकि लंबे समय से भोपाल से अन्य बड़े शहरों के लिए उड़ानें शुरू करने की मांग की जा रही थी। विशेष रूप से पुणे के लिए दूसरी दैनिक उड़ान की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन नए शेड्यूल में इसे शामिल नहीं किया गया। लखनऊ और जयपुर जैसे शहरों के लिए भी कोई नई सेवा शुरू नहीं हो सकी है। इससे छात्रों, प्रोफेशनल्स और उद्योग जगत से जुड़े लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिन्हें तेजी से यात्रा करने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की जरूरत होती है। जानकारों का कहना है कि यदि अगले सीजन में नई उड़ानें नहीं जोड़ी गईं तो भोपाल से हवाई यात्रा का दायरा सीमित ही रहेगा। फिलहाल यात्रियों को अन्य शहरों के लिए या तो कनेक्टिंग फ्लाइट लेनी होगी या अगले शेड्यूल का इंतजार करना पड़ेगा।

# एमपी में स्पेशल एजुकेटर हटाए गएः अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 31 मार्च तक, आदेश जारी




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में शिक्षा विभाग ने हायर सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ स्पेशल एजुकेटर को हटाने का आदेश जारी किया है। ये स्पेशल एजुकेटर अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्त थे और दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने का कार्य कर रहे थे। विभागीय आदेश के अनुसार समग्र शिक्षा अभियान की आगामी स्वीकृति को लेकर भारत सरकार से दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं होने के कारण उनकी सेवाएं 31 मार्च तक ही लेने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले स्पेशल एजुकेटर की सेवाएं 30 अप्रैल 2026 तक जारी रखने का आदेश जारी किया गया था, जिसे अब तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 31 मार्च के बाद यदि किसी संस्था में स्पेशल एजुकेटर पदस्थ पाया गया तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्था के प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी की होगी। इस फैसले के बाद प्रदेश के हजारों दिव्यांग विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

स्वायात्तधिकारी मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक उमाकांत मिश्रा द्वारा गौरव इंटरप्राइजेज समय भवन सब्जी मंडी गंज रोड शहडोल मध्य प्रदेश 484 001 से मुद्रित एवं मकान नंबर 23 वार्ड नंबर 1 नियर आनंद फिलिंग स्टेशन सीधी तिराहा रीवा शहडोल मेन रोड ब्यौहारी जिला शहडोल मध्य प्रदेश प्रा.484774 से प्रकाशित
संपादक उमाकांत मिश्रा (समाचार के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र व्यवहारी रहेगा) Email - editoryesnews@gmail.com फोन नंबर - 80854 13775, 9977690941